CNews सिटी चीफ

वर्ष-14, अंक-330
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
जीवन हमेशा संघर्ष का रास्ता दिखाती है ! हम ही है, जो इसे समझ नहीं पाते !

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

इंदौर, रविवार 03 मार्च 2024



## सिंगल कॉलम

### राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' कार्यक्रम में हुआ बदलाव, कल से शुरू होगी यात्रा,आज पटना रवाना होंगे




**भोपाल।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज 50वां दिन है। इसके कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव हुआ है, क्योंकि राहुल गांधी को विपक्ष की रैली में शामिल होने के लिए पटना जाना है। इसलिए आज वो अग्निवीर योजना को लेकर बातचीत करेंगे। फिर कल से ये यात्रा शिवपुरी से शुरू होगी। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी रैली में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी होने वाली है। वहीं सीट बंटवारे पर उन्होंने कहा कि एनसीपी, आप और डीएमके के साथ हम सकारात्मक दिशा में जा रहे हैं। हमने यूपी में अपने उम्मीदवार भी घोषित कर दिए हैं। वहीं जयंत चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा कि आरएलडी असली लोकदल नहीं है, असली आरएलडी हमारे साथ है।

### इंदौर में SBI एटीएम में लगी आग तीन मशीनें जलकर खाक मशीनों में लाखों रूपये होने का दावा



**इंदौर।** वायएन रोड स्थित स्टारलिट शाखा की एटीएम मशीनों में आग लग गई। घटना शनिवार रात की है। इस घटना का वीडियो रविवार को सामने आया है। गार्ड ने पहले आग को बुझाने की कोशिश की। जब आग पर काबू नहीं पाया तो फायर बिग्रेड को सूचना दी। आग लगने का कारण शार्ट शर्किट बताया जा रहा है।

### लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय कैबिनेट की आखिरी बैठक जारी, पीएम मोदी कर रहे अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों से पहले देश में सियासी माहौल गर्म है। भाजपा ने 195 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर बाजी मार ली है। वहीं कांग्रेस अभी इंडिया गठबंधन के क्षेत्रीय दलों के साथ सीट शेयरिंग पर माथापच्ची ही चल रही हैप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। सभी मंत्री और बड़े नेता बैठक में उपस्थित हैं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की यह आखिरी बैठक है। बैठक में चुनावी तैयारियों का जायजा भी लिया जाएगा। बता दें, चुनाव आयोग किसी भी वक्त चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता लग जाएगी।

### दमोह- जबलपुर स्टेट हाइवे पर बस पलटी, 12 यात्री घायल




**दमोह।** दमोह जबलपुर स्टेट हाइवे पर बस पलट गई। जानकारी के अनुसार जबेरा थाना क्षेत्र की यह घटना है। बस में 40 यात्री सवार थे। बस पलटते ही अफरातफरी की स्थिति न?र्मित हो गई थी। लोगों की चीखपुकार से माहौल गूंज उठा। घटना के संबंध में मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस जबलपुर से दमोह जा रही थी। बताया जाता कि अनियंत्रित बस गोबरा गांव में पलट गई। इस दुर्घटना में 12 लोग घायल हुए हैं। इसमें से चार की हालत गंभीर बताई गई है। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दुर्घटना में बस में सवार अधिकांश लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। यह भी पता चला है कि सड़क किनारे खड़े ट्रक से बचने के प्रयास में बस को ओवरटेक करना पड़ा। इस क्रम में बस पलट गई।

## मरीजों को **हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाएगी सरकार,** एयर एम्बुलेंस शुरू

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश में अब आम मरीजों को भी एयर एम्बुलेंस सुविधा मिल सकेगी। यानी उन्हें कम समय में हेलिकॉप्टर के जरिए एयरलिफ्ट कर अस्पताल तक पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के मंच से वर्चुअली पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत की। एयर एम्बुलेंस सेवा के तहत एक हेलिकॉप्टर और एक फिक्स विंग कन्वर्टेड फ्लाइंग आईसीयू विमान प्रदेश के सभी जिलों के लिए तैनात रहेंगे। स्पेशलाइज्ड डॉक्टर और पैरामेडिकल टीम इनमें होगी। इसका कमांड सेंटर भोपाल में है। प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल इससे जोड़े गए हैं। पहले इस सेवा का नाम मुख्यमंत्री एयर एम्बुलेंस तय हुआ, लेकिन मंच पर इसे मुख्यमंत्री ने पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा नाम दिया।



**एसओपी बनेगी, फीस भी तय की जाएगी-** एयर एंबुलेंस सेवा के लिए स्वास्थ्य और विमानन विभाग जल्द एसएओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) जारी करेगा। विमानन विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव ने बताया कि एक नंबर भी जारी किया जाएगा। अलग-अलग कैटेगरी के लिए फीस भी तय की जाएगी। कुछ मामलों में यह सेवा निशुल्क रहेगी तो कमर्शियल समेत अन्य मामलों में अलग-अलग फीस तय की जाएगी। कंट्रोल रूम और दूसरी व्यवस्थाओं के लिए सरकार अधिकारियों की तैनाती भी अलग से करेगी।

**ये फायदे मिलेंगे...**

- रोड और इंडस्ट्रियल एरिया में होने वाले गंभीर हादसों पर लोगों को एयरलिफ्ट किया जाएगा।
- हार्ट पेशेंट, सांस से जुड़ी बीमारी और जहर से प्रभावित मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा।
-नवजात और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी केस में भी एयर एम्बुलेंस सेवा से मदद मिलेगी।
-आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों के लिए मेडिकल एक्सपर्ट्स को अस्पताल तक लाया जाएगा।
-जरूरत पड़ने पर मरीजों को दिल्ली, मुंबई, चेन्नई या हैदराबाद के बड़े अस्पतालों तक ले जाया जाएगा।
-मेडिकल इमरजेंसी, और एक्सपर्ट की जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल होगा।
-कठिन भौगोलिक परिस्थिति में मरीजों को एयरलिफ्ट करेगा।
- आईसीयू विमान राज्य के सभी हवाई अड्डों और हवाई पट्टियों से 24 घंटे जुड़ा रहेगा।

## भाजपा की पहली लिस्ट- इसमें 34 मंत्री समेत 195 नामव्वाराणसी से मोदी, गांधीनगर से शाह, 28 महिलाएं, 47 कैंडिडेट 50 की उम्र से कम




*भाजपा की लोकसभा सूची का इंतजार खत्म, शनिवार शाम को 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 195 नाम जारी हुए। 34 केंद्रीय मंत्रियों को टिकट मिला है। वहीं, सूची में 28 महिलाएं, 27 एससी, 18 एसटी, 57 ओबीसी नाम हैं। 50 साल से कम उम्र के 47 कैंडिडेट हैं, जिन्हें पार्टी ने युवा कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी और अमित शाह गांधीनगर से ही लड़ेंगे। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज को विदिशा से, त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब देब को त्रिपुरा पश्चिम और असम के पूर्व ष्टरू सर्बानंद सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से टिकट मिला है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला अपनी सीट कोटा से फिर मैदान में होंगे। पार्टी ने सिर्फ एक मुस्लिम उम्मीदवार डॉ. अब्दुल सलाम को केरल के मलप्पुरम से प्रत्याशी बनाया है। उत्तरप्रदेश के श्रावस्ती से पूर्व ढ्ढस् और मोदी के पूर्व निजी सचिव नृपेंद्र मिश्रा के बेटे साकेत मिश्रा को टिकट मिला है। इस लिस्ट में चार भोजपुरी स्टार्स मनोज तिवारी, रवि किशन, दिनेश लाल और पवन सिंह शामिल हैं।*

**मप्र में नई गाइड लाइन**

## शव देने से मना नहीं कर सकेंगे निजी अस्पताल

**भोपाल।** प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक अब इलाज के दौरान मरीज की मौत होने पर बकाया बिल की वसूली के लिए डेड बॉडी देने से मना नहीं कर सकेंगे। उन्हें शव परिजन के सुपुर्द करना ही होगा। इतना ही नहीं, मृतक के परिजन की जरूरत को समझते हुए संबंधित नगरीय निकाय से कोऑर्डिनेट कर निशुल्क शव वाहन मुहैया कराने की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल संचालक की होगी।




यह व्यवस्था स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने दी है। उन्होंने इसके लिए डेड बॉडी मैनेजमेंट गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा बीते साल की गई सिफारिशों के आधार पर बनी है। डॉ. सुदाम खाड़े ने निजी अस्पतालों में नई व्यवस्था को लागू करने के लिए गाइडलाइन नर्सिंग होम एसोसिएशन और नर्सिंग होम संचालकों को भेजी है।
गाइडलाइन के अनुसार निजी अस्पताल या नर्सिंग होम में मरीज की मौत होने पर शव की सुपुर्दगी परिजन को नहीं होने तक शव को बॉडी फ्रीजर में सुरक्षित रखना होगा। इस दौरान शव को सम्मानजनक प्रोटोकॉल में रखना भी सुनिश्चित करना होगा।

**बिल के लिए डेड बॉडी नहीं दी तो कार्रवाई होगी-** गाइडलाइन के मुताबिक निजी अस्पताल या नर्सिंग होम संचालक शव को बिल वसूली के लिए बंधक बनाते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। इसकी मॉनिटरिंग स्वास्थ्य संचालनालय की अस्पताल प्रशासन शाखा करेगी।

**परिजन से चर्चा कर उनकी जरूरत समझनी होगी--** इलाज के दौरान मरीज की मौत होने पर शव परिजन को सुपुर्द करने के साथ ही अस्पताल संचालक की जिम्मेदारी खत्म नहीं होगी। हॉस्पिटल डायरेक्टर को मृतक के परिजन से चर्चा कर उनकी जरूरत समझना होगी। शव को संबंधित के घर तक निशुल्क शव वाहन से पहुंचाना होगा। शव के ट्रांसपोर्टेशन के लिए निशुल्क शव वाहन संबंधित नगरीय निकाय मुहैया कराएंगे।

**लावारिस की मौत होने पर देनी होगी क्षेत्रीय थाने को सूचना-** डेड बॉडी मैनेजमेंट गाइडलाइन के अनुसार निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हुए लावारिस व्यक्ति की मौत की सूचना क्षेत्र के संबंधित पुलिस थाना प्रभारी को देना होगी। इसके अलावा जब तक शव पुलिस या परिजन के सुपुर्द नहीं हो जाता, तब तक बॉडी फ्रीजर में भी रखनी होगी।

## भाजपा विकसित भारत मोदी जी की गारंटी अभियान कल से

**भोपाल।** भाजपा केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने में जुट गई है। इसी कड़ी में चार मार्च से भाजपा प्रदेश में विकसित भारत मोदी जी की गारंटी अभियान शुरू कर रही है। इसमें जनता से संकल्प पत्र के लिए सुझाव लिए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने प्रदेश कार्यालय में विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान को लेकर आयोजित लोकसभा प्रभारी और प्रकोष्ठों के प्रभारियों की कार्यशाला को भी संबोधित किया। साथ ही संकल्प पत्र के लिए सुझाव पेटी और मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 को लॉन्च किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि अभियान के दौरान जनता से प्राप्त सुझावों को इसी साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जनता को मोदी सरकार की बीते 10 वर्षों की उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा। अभियान में पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सभी प्रकोष्ठ प्रदेश, जिला, विधानसभा स्तर पर संबंधित व्यावसायिक समूहों के साथ समाज के विभिन्न वर्गों से परिचर्चा एवं संवाद के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नमो एप के माध्यम से 10 करोड़ ब्रांड एंबेसडर बनाए जाएंगे और देशभर से संकल्प पत्र के लिए एक करोड़ सुझाव लिए जाएंगे।

विकसित भारत को लेकर जानेंगे जनता की राय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान को जम्मू-कश्मीर से लांच कर चुके हैं। मध्य प्रदेश में भी यह अभियान लांच हो चुका है और अब इसे जिला, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर लांच किया जाएगा। सबसे पहले इस अभियान के संबंध में प्रत्येक विधानसभा, जिला एवं लोकसभा में पत्रकार वार्ताओं का आयोजन किया जाएगा। लोगों से सुझाव लेने के लिए विभिन्न स्थानों, पार्टी की बैठकों, कार्यक्रमों में सुझाव पेटियां लगाई जाएंगी। इसके अलावा 9090902024 पर मिस्ड कॉल करके अथवा नमो एप डाउनलोड करके भी लोग अपने सुझाव दे सकेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान प्रदेश की सभी 29 लोकसभाओं में एलईडी प्रचार रथ घूमेंगे। छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर लोगों से उनके सुझाव लिए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर पर प्रत्यक्ष जनसंपर्क के माध्यम से भी लोगों से सुझाव लिए जाएंगे।

### 8 से 10 मार्च तक घर-घर जनसंपर्क अभियान

अभियान के संयोजक व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 15 मार्च तक अभियान को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, उसके बाद सुझाव पत्रों को संकल्प पत्र के लिए भेजा जाएगा। अभियान के सह संयोजक व इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कार्यशाला में प्रेजेंटेशन देते हुए कहा कि 2 और 3 मार्च को जिला केंद्रों पर मीडिया को अभियान की जानकारी दी जाएगी। 8 से 10 मार्च तक देश भर में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। संकल्प पत्र में सुझावों के लिए आमजन से लेकर खिलाड़ियों, वकीलों या अन्य समाज की प्रतिष्ठित संस्थाओं, व्यक्तियों के साथ गोष्ठी और संवाद किया जाएगा।

**-17 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार ; 12 से अधिक देश शामिल हुए**

## उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 10000 करोड़ के निवेश

**उज्जैन।** उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के दूसरे दिन शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम श्री एयर एम्बुलेंस का लोकार्पण किया। यह एयर एम्बुलेंस दूर-दराज के इलाकों से गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाएगी। सीएम ने बिजनेसमैन से वन-टू-वन चर्चा की। प्रदेश में 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश पर सहमति बनी। कॉन्क्लेव में शनिवार को धार्मिक, फिल्म टूरिज्म और फार्मा मेडिकल डिवाइसेज के अवसर और चुनौतियों पर सत्र आयोजित हुआ। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा, कॉन्क्लेव के समापन को हम नए भविष्य की संभावना मानें।

**ये बड़े निवेश हुए-** प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने कहा, कॉन्क्लेव में चार हजार से ज्यादा लोगों ने पार्टिसिपेट किया। यूके, फिजी, जर्मनी, जामिया, मलेशिया समेत इनमें 12 से अधिक देशों के लोग भी



कॉन्क्लेव में शामिल हुए। अडानी और पेप्सीको समूह ने बड़े निवेश किए हैं। प्रदेश में 10 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश होगा और 17 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

**यह इंडस्ट्री का 4.0 कालखंड-** केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने-कहा, इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य है कि इंवेस्टर्स यहां आएं, महाकाल के दर्शन करें और लोगों को रोजगार भी दें। हम इंडस्ट्री के 4.0 कालखंड में जी रहे हैं। इंडस्ट्री के कालखंड हैं। इसकी शुरूआत स्टीम के कालखंड से हुई थी। जब बिजली से इंडस्ट्री चली तो इसे 2.0 नाम दिया। आईटी आई, कम्प्यूटर आया तो इसे रणनीतिकारों ने 3.0 कहा। अब एआई, रोबोटिक्स, एआरवीआर आ गया है। हम किसी भी मामले में पीछे नहीं गए। सभी में आगे बढ़ते गए ।मेघवाल ने कहा, लोग कह रहे होंगे इस कॉन्क्लेव में कानून मंत्री का क्या काम। मैं कहता हूं हमने मोदी जी के आने के बाद इंडस्ट्री के लिए नए कानून बनाए। कुछ कानूनों में बदलाव किए हैं। आजादी के पहले के कई कानून लोगों को और उद्योगपतियों को परेशान करते थे। हमने ऐसे साढ़े पंद्रह सौ से अधिक कानून खत्म कर दिए हैं।

**निवेशकों की समस्याओं का समाधान करेंगे -** एमएसएमई के प्रमुख सचिव पी. नरहरि ने कहा, फूड और डेयरी, धार्मिक पर्यटन आदि सेशन में मिले सुझावों पर हम काम करेंगे। निवेशकों की समस्याओं का समाधान भी करेंगे। हमारी पॉलिसीज डायनेमिक डॉक्यूमेंट हैं, जिन्हें समय-समय पर सुधारते रहेंगे। स्टार्टअप्स के क्षेत्र में युवाओं ने बहुत रुचि दिखाई है। उज्जैन रीजन में ही 2000 से अधिक स्टार्टअप हैं। अमन ने पंडितजी डॉट इन स्टार्टअप शुरू किया है। वे पंडित जी को ऑनलाइन जोड़कर दुनिया भर में पूजा कराएंगे। ये बड़ा स्टार्टअप है। बिजनेसमैन ने दी निवेश की जानकारी शक्ति पंप्स के एमडी दिनेश पाटीदार ने कहा, मुख्यमंत्री जी ने सुबह के लाउडस्पीकर बंद करके हमारी मॉर्निंग वॉक शांत और स्वस्थ कर दी है। पाटीदार ने कहा, मैंने पांच लाख में इंडस्ट्री शुरू की थी। आज हम पांच हजार लोगों को रोजगार दे रहे हैं। मप्र में 10 यूनिट में प्रोडक्शन हो रहा है। इप्का लैबोरेटरी के एमडी अजीत कुमार सिंह ने कहा, हम मप्र में चार दशक से हैं। हमारी सात यूनिट में काम हो रहा है। मप्र में हम अगले दो साल में 1100 करोड़ का निवेश करेंगे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 283 इकाइयों को 508 हेक्टेयर भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए। इन इकाइयों द्वारा 12 हजार 170 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर 20 हजार से अधिक लोगों को रोजगार दिया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक इकाइयों के पदाधिकारियों को प्रतीक स्वरूप भूमि आवंटन-पत्र प्रदान किए।

## सिंगल कॉलम

### इंदौर में तैयार हुई बीएसएफ की पहली महिला स्नाइपर

*इंदौर। सुरक्षा बल के इंदौर स्थित केंद्रीय आयुध एवं युद्ध कौशल विद्यालय में प्रशिक्षण के पश्चात बीएसएफ की पहली महिला स्नाइपर तैयार हुई। बीएसएफ की पंजाब यूनिट में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात सुमन कुमारी इंदौर के बीएसएफ परिसर में संचालित आठ सप्ताह के स्नाइपर प्रशिक्षण कोर्स में एकमात्र महिला थीं। इस कोर्स में 57 पुरुष भी शामिल थे। आतंकी व अपराधियों को बंदूक के अचूक निशाने से मार गिराने व विशेष आपरेशन में स्नाइपर की अहम भूमिका होती है। प्रशिक्षण के बाद निर्धारित दूरी से ये स्नाइपर एसएसजी सहित अन्य बंदूक से सटीक निशाना लगाने में सक्षम होते हैं। इसके अलावा इन्हें दुर्गम परिस्थितियों में अपनी पहचान छुपाकर कार्रवाई करने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। सुमन कुमारी ने प्रशिक्षण के दौरान कड़ी मेहनत कर यह मुकाम पाया। स्नाइपर कोर्स के समापन के पश्चात बीएसएफ ने अपने एक्स अकाउंट से पहली महिला स्नाइपर की जानकारी साझा की।*

### विद्यार्थियों की मार्कशीट डिजी लाकर में रहेगी सुरक्षित

*इंदौर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत आने वाले स्नातक पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों का डाटा डिजिटल किया जा रहा है। कालेज इन दिनों विद्यार्थियों का एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट (एबीसी) में पंजीयन करवाने में लगे हैं। यह निर्देश देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने दिए हैं। सरकारी और निजी कालेज के विद्यार्थियों का पंजीयन पूरा होने के बाद आइडी नंबर दिया जाएगा. जो परीक्षा फार्म में दर्शना होगा। इसके आधार पर छात्र-छात्राओं से जुड़ी जानकारी डिजिटल में तब्दील की जाएगी। डाटा डिजिटलाइज्ड होने के बाद विद्यार्थियों की जानकारी डिजी लाकर में सुरक्षित रहेगी। अधिकारियों के मुताबिक, 15 मार्च तक विद्यार्थियों को पंजीयन करवाना है। स्नातक अंतिम वर्ष के 45 हजार छात्र-छात्राओं का डाटा डिजिटल प्रारूप में तब्दील हो चुका है। इन दिनों विश्वविद्यालय ने कालेजों को स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को एबीसी में पंजीयन करवाने पर जोर दिया है, जिसमें सवा लाख छात्र-छात्राएं हैं। एबीसी में रजिस्ट्रेशन के दौरान नामांकन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र डिजिटल प्रारूप में बदले जाएंगे। आधार कार्ड की जानकारी भी देनी होगी। विद्यार्थी कहीं से भी साझा कर सकते हैं जानकारी अधिकारियों के मुताबिक, डिजी लाकर का एबीसी एक अंक है। विद्यार्थियों की जानकारी दर्ज होने के बाद डिजी लाकर में सुरक्षित रहेगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यार्थियों का रिजल्ट और अंकसूची अपलोड की जाएगी। इसके माध्यम से छात्र-छात्राएं कहीं से भी अपनी जानकारी संस्थानों के साथ सांझा कर सकते हैं। पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद विद्यार्थियों की डिग्री भी डिजी लाकर में अपलोड होगी। साथ ही माइग्रेशन, टीसी और ट्रांसक्रिप्ट की जानकारी भी रहेगी। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को एबीसी में 15 मार्च तक पंजीयन करना है।*

### क्रॉकरी कारोबारी के घर दिनदहाड़े लाखों के आभूषण चोरी

*इंदौर। चोर क्रॉकरी कारोबारी के सूने घर से लाखों रुपये कीमती सोना-चांदी के आभूषण चुरा ले गए। पत्नी नौकरी पर गई थी और कारोबारी दुकान पर थे। खजराना थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है।*

*फरियादी दीपक देवेंद्र पुरोहित निवासी मंगलमूर्ति कृष्णजी नगर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दीपक का क्राकरी का कारोबार है। उनकी पत्नी टेलिपरफार्मेंस में नौकरी करती है। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे दोनों घर पर ताला लगाकर चले गए थे। शाम को बाहर खाना खाया और आठ बजे लौटे तो ताला टूटा मिला। घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था।*

*दिन में घर में घुसे चोर*

*चोर अलमारी में रखे सोने के आभूषण अंगूठियां, मंगलसूत्र, कड़े, हार सेट, झुमके, कुंडल, पायल, बालियां, बिछिया सहित रुपये ले गए। दीपक के मुताबिक, घटना दोपहर के वक्त हुई है। पड़ोस में रहने वाली महिला ने बताया कि उन्होंने आवाज सुनी थी। बाहर झांककर देखा तो कोई नजर नहीं आया। संभवत~ उस वक्त चोर सामान चुरा रहे थे।*

### रिटायर अफसर पति की पत्नी दूसरी मंजिल से कूदी, मौत

*इंदौर। रिटायर बीएसएनएल अफसर भेरूलाल की पत्नी गीताबाई ने दूसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। खजराना थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। शव का एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया है। गीताबाई पति के शराब पीने की आदत से परेशान थी।प्रधान आरक्षक मोहन पाटीदार के मुताबिक, 55 वर्षीय गीताबाई को शुक्रवार रात गंभीर अवस्था में शकुंतला अस्पताल ले जाया गया था। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। भानजे संतोष चौधरी ने पुलिस को बताया कि रिटायरमेंट के बाद मामा शराब पीने लगे थे। नशे में मामी से झगड़ा करते थे। रात को उनकी बेटियां घर के बाहर बात कर रही थी।अचानक मां के गिरने की आवाज आई। सिर में चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई। उधर, भागीरथपुरा में 16 वर्षीय जितेंद्र की निमार्णाधीन मकान से गिरने से मौत हो गई। बाणगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम करवाया है। जितेंद्र अपने माता-पिता के साथ हीरानगर में कलाली के पीछे बन रहे मकान पर गया था। पैर फिसलने से गिरकर घायल हो गया।*

# आज आतिशबाजी के साथ मनाया जाएगा इंदौर का 308वां स्थापना दिवस

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर। इंदौर का 308वां स्थापना दिवस रविवार 3 मार्च को मनाया जाएगा। इसके लिए बड़ा रावला परिसर में तैयारी की गई है। समारोह में प्रतिभा सम्मान के साथ अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन होगा। आतिशबाजी भी की जाएगी। समिति के वरदराज मंडलोई और माधवी मंडलोई ने बताया कि सुबह 9.30 बजे चंपाबाग और दौलतगंज स्थित छत्रियों पर पूजन किया जाएगा। रात 8 बजे से प्रतिभा सम्मान व अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन होगा। विशिष्ट कार्य करने वाले तीन परिवारों का सम्मान होगा। मुख्य अतिथि महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विशेष अतिथि विधायक गोलू शुक्ला होंगे।

**ये कवि करेंगे काव्य पाठ**

कवि सम्मेलन में विनीत चौहान (अलवर), रमेश शर्मा (चित्तौड़गढ़), गजेंद्र प्रियांशु (बाराबंकी), डा. भुवन मोहिनी (इंदौर) काव्य पाठ करेंगे। शंभु शिखर (दिल्ली), अनिल चौबे (बनारस), दिनेश देसी घी (बेरछा), कल्पना शुक्ला (दिल्ली) सहित जाने-माने कवि शामिल होकर अपनी रचनाओं से गुदगुदाएंगे। सूत्रधार राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन होंगे। वरदराज मंडलोई ने बताया कि महोत्सव में तीन परिवारों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति, संस्कृति एवं खेल से जुड़े कई गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। स्थापना दिवस समारोह में राव राजा राव नंदलाल मंडलोई द्वारा शहर के विकास के लिए किए गए कार्यों को भी सभी अतिथियों और शहर की जनता के समक्ष



अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में मालवा और निमाड़ के परिवारों को भी इसमें आमंत्रित किया गया है। **करमुक्त क्षेत्र नंदलालपुरा की नींव**

इंदौर स्थापना दिवस समारोह समिति के वरदराज मंडलोई ने बताया कि राव राजा नंदलाल मंडलोई ने सर्वप्रथम मुगल बादशाह से यहां की जनता के लिए कर मुक्त व्यापार शुरू करवाया था। उन्हीं के प्रयासों से शहर का व्यापार कर मुक्त हो सका था। उन्होंने अपने नाम से एक नए करमुक्त क्षेत्र नंदलालपुरा की नींव डाली, जिसे आज नंदलालपुरा के नाम से जाना जाता है। इंदौर शहर के विकास और हरियाली के लिए राव राजा राव नंदलाल मंडलोई ने नौ लाख आम के पेड़ लगाने का संकल्प लिया था। उन्हीं के ही शासन काल में चंपाबाग, कुंजवन, चांदनीवाला बाग, केक्ड़ीवाला बाग, गुलरबाग, प्रेमबाग, शंकरबाग, अनारबाग और नौलखा बाग का निर्माण कराया गया था। **कैसे मिला इंदौर को नाम?** जानकारी के अनुसार 8वीं शताब्दी के दौरान राजकोट के राजा इंद्र तृतीय ने त्रिकोणीय युद्ध में जीत स्थापित की थी। इसके बाद उन्होंने यहां एक शिवालय की स्थापना करवाई और इसका नाम इन्द्रेश्वर महादेव रख दिया। इसके बाद से इस शहर को इन्द्रपुरी के नाम से जाना जाने लगा। लेकिन 18वीं सदी के दौरान मराठाओं ने द्वारा इन्द्रपुरी को इंदूर कर दिया गया। क्योंकि मराठी में इन्द्रपुरी का उच्चारण इंदूर हुआ था। यह नाम चलन में आने लगा लेकिन इसी सदी के दौरान ब्रिटिश हुकूमत ने इंदूर को बदलकर इंदोर कर दिया और कुछ समय के बाद ही इसे इंदौर किया गया। जोकि आज तक बना हुआ है।

## 10 मार्च तक चलेगा राजस्व महाअभियान किसानों को होगा फायदा



**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर। शासन द्वारा प्रदेश में राजस्व महा अभियान शुरू किया गया। इसमें नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। यह अभियान 29 फरवरी तक चलना था, लेकिन प्रदेश सरकार ने किसानों की सुविधा को देखते हुए 10 मार्च तक अभियान को बढ़ा दिया है। अब किसान अपने राजस्व संबंधित प्रकरणों का निराकरण करवा सकेंगे। लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए अब 10 मार्च तक राजस्व महा अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राजस्व महा अभियान 10 मार्च तक बढ़ाया गया है। किसानों के अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए समय सीमा बढ़ाई गई। इस अभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शे पर तरमीम संबंधी प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण किया जा सकेगा। जिले एवं तहसील स्तर पर प्रतिदिन प्रकरणों के निराकरण की मॉनिटरिंग के लिए राजस्व महाभियान में समय-सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य रखा गया था। पूर्व में इस अभियान की अंतिम तिथि 29 फरवरी थी। कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अवधि में विशेष प्रयास कर नक्शा तरमीम, ई केवाइसी सहित अन्य राजस्व प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करे। इंदौर जिला शुरूआत में अभियान में प्रदेश में 39वें पायदान पर था। कलेक्टर की लगातार मॉनिटरिंग के बाद जिला बेहतर स्थिति में पहुंच गया है। तहसील स्तर पर हो रहा निराकरण राजस्व अभियान में जिले की सभी तहसीलों में राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा हैं। पटवारी, आरआई से लेकर नायब तहसीलदार और तहसीलदार अविवादित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में कर रहे हैं।

### हनी ट्रैप मामले में कमलनाथ को राहत

# कोर्ट ने महिला आरोपियों का आवेदन खारिज किया

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर के बहुचर्चित हनी ट्रैप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को बड़ी राहत मिली है। हनी ट्रैप के एक आरोपी ने कोर्ट में कहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पास हनी ट्रैप मामले की सीडी और पेन ड्राइव है, इसकी जांच होना चाहिए। दरअसल, 2021 में पूर्व सीएम कमलनाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उनके पास इस मामले की सीडी और पेन ड्राइव है। हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि उन्होंने सिर्फ 29 सेकेंड की एक क्लिप देखी है। इस पर हनी ट्रैप के एक आरोपी ने कोर्ट में आपत्ति लेते हुए कहा था कि कमलनाथ के पास पेन ड्राइव और सीडी कहां से आई और उन्हें किसने दी, इसका खुलासा होना चाहिए। इसके बाद कमलनाथ से दोनों चीज जब्त करने के लिए एसआईटी ने नोटिस जारी किया था। बाद में आरोपियों ने कोर्ट से मांग की थी कि सीडी पेन ड्राइव जब्त हुई है, उसे जांच कराकर रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाए। सरकारी वकील अभिजित सिंह राठौर ने बताया कि आरोपियों ने कोर्ट से मांग की थी कि सीडी पेन ड्राइव जब्त हुई है, उसे जांच कराकर रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाए। हमारी तरफ से यह कहा था कि कमलनाथ से कुछ जब्त नहीं हुआ है, इसलिए हम जांच किस चीज की कराएंगे। ऐसे में इसे खारिज किया जाए। इस पर कोर्ट ने इनका आवेदन निरस्त कर दिया है। मामले में अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी। मामले में पुलिस की जांच जारी रहेगी।

**यह बोले वकील**

सरकारी वकील अ ?अभिजित सिंह राठौर ने बताया कि आरोपियों ने कार्ट से मांग की थी कि सीडी पेन ड्राईव जब्त हुई है, उसे जांच कराकर रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाए। पुलिस को निर्देशित किया जाए। हमारी तरफ से ये कहा था कि इस समय पर ये आवेदन नहीं लगाया जा सकता है। जबकि कोर्ट ने आरोप तय नहीं किए हैं। वर्तमान प्रकरण में कमलनाथ से कुछ जब्त नहीं है। इसलिए हम जांच किस चीज की कराएंगे। ऐसे में आवेदन संभावनाओं के आधार पर किया गया है। जिसे खारिज किया जाए। पुलिस का इन्वेस्टिगेशन कमलनाथ से पत्रकारवार्ता के बिंदु पर जारी है। कोर्ट ने इनका आवेदन निरस्त कर दिया है। मामले में अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी।

**हनी ट्रैप केस में आठ आरोपी, 6 महिलाएं**

बता दें 17 सितंबर 2019 में हनी ट्रैप मामला सामने आया था। नगर निगम इंदौर के तत्कालीन चीफ इंजीनियर हरभजन सिंह को कुछ युवतियों ने अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल किया था। 3 करोड़ रुपए की मांग की गई थी, इसकी पलासिया पुलिस थाने में शिकायत की थी। पुलिस ने 6 महिलाओं समेत आठ को आरोपी बनाया। आरती, मोनिका, श्वेता (पति विजय), श्वेता (पति स्वप्निल), बरखा को गिरफ्तार कर कोर्ट ने जेल भेज दिया था। इनके अलावा गाड़ी ड्राइवर ओमप्रकाश कोरी को भी गिरफ्तार किया गया था। बाद में सभी की जमानत हो गई थी। इस केस में अभिषेक ठाकुर, रूपा भी आरोपी हैं।

**क्या है हनी ट्रैप केस** -इंदौर के बहुचर्चित हनी ट्रैप मामले का खुलास 17 सितंबर 2019 में हुआ था। नगर निगम इंदौर के तत्कालीन चीफ इंजीनियर हरभजन सिंह को कुछ युवतियों ने अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल किया करके उनसे तीन करोड़ रुपए की मांग की थी। हरभजन ने पलासिया पुलिस थाने में इसकी शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने छह महिलाओं समेत आठ को आरोपी बनाया था। आरती, मोनिका, श्वेता (पति विजय), श्वेता (पति स्वप्निल), बरखा को गिरफ्तार कर कोर्ट ने जेल भेज दिया था। इनके अलावा गाड़ी ड्राइवर ओमप्रकाश कोरी को भी गिरफ्तार किया गया था। बाद में सभी की जमानत हो गई थी। इस केस में अभिषेक ठाकुर, रूपा भी आरोपी हैं।

# अनंत अंबानी के प्री वेडिंग सेलिब्रेशन मेन्यू में इंदौरी स्वाद...

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर। देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन जामनगर में शुरू हो गया है। दुनियाभर से मेहमान वहां पहुंच चुके हैं। उनके लिए जो व्यंजन तैयार हो रहे हैं, उसमें इंदौर की खुशबू भी है।

इंदौर के 65 शेफ चार दिन से जामनगर में हैं। वे दो मिनी ट्रक में मसाले और किराने का सामान भी इंदौर से लेकर गए हैं। इंदौर के जार्डियन होटल के शेफ और उनकी टीम को खास तौर पर अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के लिए बुलाया गया है। उनके हाथों का बना खाना जाम नगर में पहुंचे मेहमान चख रहे हैं। रिसेप्शन में इंदौरी शेफ मिठाई से लेकर नमकीन व चटपटे व्यंजन बना रहे हैं। शेफ मसालों को इंदौर से ही साथ लेकर गए, ताकि इंदौरी स्वाद बरकरार रहे। कचोरी, भूट्टे का कीस, पेटिंस, जलेबी के अलावा नाश्ते के आयटम भी इंदौर के शेफ तैयार कर रहे हैं। दो महीने पहले इंदौर के शेफ को खाने बनाने का न्यौता मिला था, तब से ही उनकी टीम तैयारी में जुटी थी। हालांकि, विवाह समरोह में अलग-अलग तरह के डिशेस परोसी जा रही है। इनमें थाई, मैक्सिकन, एशिया फूड के 200 से ज्यादा व्यंजन तैयार हो रहे हैं।

जामगनर गई टीम में इंदौर की 20 महिला शेफ इंदौर से जामनगर गई टीम में सबसे खास बात यह है कि इसमें 20 महिला शेफ हैं। महिला शेफ अलग-अलग डिश बनाने में एक्सपर्ट हैं। इंदौर से जामनगर कई



टीम तीन दिन में 12 मील्स मेहमानों को परोसेगी। सारे डिश एक प्रोटोकॉल के तहत तैयार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कोई भी डिश रिपीट नहीं की जा रही है।

मोदी भी कर चुके हैं इंदौरी स्वाद की तारीफ स्वाद की राजधानी बन चुके इंदौर के व्यंजनों की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। प्रवासी सम्मेलन के दौरान उन्होंने इंदौर की सराफा चौपाटी का जिक्र भी किया था। अब देश के बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी को भी इंदौर का स्वाद भाया है। इंदौर के शेफ बीते छह दिन से जामनगर में हैं और मेहमानों को अपने हाथों से बने व्यंजनों का स्वाद चखा रहे हैं। इंदौर से गई टीम में 20 महिलाएं भी शामिल है। इंदौर से गए शेफों को भारतीय व्यंजनों को बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

इंदौर के पकवान क्यों खास?

हर शहर अपने आप में खास होता है उसी तरह इंदौर शहर अपने शाकाहारी खाने को लेकर मशहूर है। जिस तरह से लखनऊ के नवाबों की वजह से वहां के कबाब मशहूर हुए उसी तरह पेशवाई और मारवाड़ी व्यापारियों के वजह से इंदौर का शाकाहारी भोजन लोगों की जुबान पर चढ़ गया। भुट्टे की किस इंदौर की सबसे मशहूर पकवानों में शामिल है। अमेरिकन स्वीट कॉर्न को इंदौर के राजघराने ने कद्दू कस करके उससे एक चटपटी डिश तैयार कर दी। समय के साथ ये डिश शाही परिवारों से आम जन तक पहुंच गई और देखते देखते ये गलियों में लोगों के स्वाद का अहम हिस्सा बन गया। भुट्टे की किस के अलावा इंदौर में दही बड़े, दाल बाफले, गराडू, साबूदाना खिचड़ी, पोहा जलेबी भी शामिल है। ये सभी डिश स्वादिष्ट होने के साथ साथ बेहद हेल्दी भी होती हैं। इसलिए ये इंदौरी फूड अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग मेन्यू में शामिल हो सके।

### शपथ पत्र में दी थी गलत जानकारी

# भाजपा पार्षद निशा देवलिया का निर्वाचन शून्य

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर के वार्ड 44 की भाजपा पार्षद निशा देवलिया का निर्वाचन जिला कोर्ट ने शून्य कर दिया है। चुनाव के दौरान शपथ पत्र में निशा की तरफ से गलत जानकारी प्रस्तुत की गई थी। उसे आधार मानते हुए कोर्ट ने फैसला सुनाया। निशा के खिलाफ याचिका उनके सामने चुनाव लड़ी कांग्रेस की उम्मीदवार नंदनी पिंटू मिश्रा ने दायर की थी। नंदनी को विजयी घोषित किया गया है। डेढ़ साल पहले हुए नगर निगम चुनाव में इंदौर के पांच नंबर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 44 से भाजपा ने निशा देवलिया को टिकट दिया था। निशा पहले भी उस वार्ड से पार्षद रह चुकी है। कांग्रेस की तरफ से नंदनी पिंटू मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया था। चुनाव में नंदनी 1026 वोटों से हार गई। इसके बाद उन्होंने निशा देवलिया के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान सौंपे गए शपत्र पत्र में गलत जानकारी प्रस्तुत करने के मामले में जिला कोर्ट में याचिका लगाई। याचिकाकर्ता ने कह कि शपत्र पत्र में 200 वर्गफीट के टीन शेड के मकान की जानकारी दी गई है। संपत्तिकर भी उसके हिसाब से भरा जाता है, लेकिन मकान 1600 वर्गफीट का है और रजिस्ट्री में भी इतना एरिया दिखाया गया है। इस



आधार पर कोर्ट ने भाजपा पार्षद निशा देवलिया का निर्वाचन शून्य घोषित किया है।

**यह है नियम** वकील केपी गणगोरे के मुताबिक पार्षद के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार पर यदि साल या अधिक का संपत्ति कर बकाया हो या उसने छह माह से बिजली का बिल नहीं जमा किया हो तो वह चुनाव लड़ने के योग्य नहीं रहता। आरोप साबित होने के बाद जज मुकेश नाथ ने निर्णय सुनाते हुए निशा देवलिया का निर्वाचन निरस्त घोषित कर दिया है। साथ ही कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी को इस संबंध में प्रक्रिया करने का आदेश दिया है। **पति ने बागी होकर लड़ा था चुनाव** कोर्ट ने निशा देवलिया का निर्वाचन शून्य किया है। उनके पति रुपेश देवलिया ने दस साल पहले भाजपा के बागी उम्मीदवार के रुप में चुनाव लड़ा था। तब वे चुनाव जीत गए थे। भाजपा ने तब उन्हें पार्टी से छह सालों के लिए निष्कासित किया था, लेकिन बाद में उन्हें फिर पार्टी में ले लिया था। पिछले चुनाव में भाजपा ने उनकी पत्नी को टिकट दिया था।

# गीतकार मनोज मुंतशिर ने पत्नी के साथ पितृ पर्वत पर की पूजा



**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर। कवि, लेखक, गीतकार मनोज मुतंशिर सपरिवार इंदौर आए। वे पितृ पर्वत पहुंचे और हनुमान जी के दर्शन और पूजन किया। इस दौरान उनके साथ कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद थे। सोशल मीडिया पर विजयवर्गीय ने तस्वीरें जारी की है। जिस पर मनोज मुंतशिर ने कमेंट किया है और उन्हें धन्यवाद दिया है। अपने कमेंट में मुंतशिर ने विजयवर्गीय के लिए लिखा - बजरंगबली ने आपको सनातन सेवा के लिए चुना है। उनका आशीर्वाद आपके मस्तक पर स्पष्ट दिखाई देता है। अनूप जलोटा ने दिया था भजन लिखने का मौका 1999 में स्नातक करने के बाद वह मुंबई चले गए, जहां उन्हें कई टीवी शो और फिल्मों में लेखन के मौके मिले। मनोज ने अपने करियर की शुरूआत आकाशवाणी से की थी। शुरूआत में उन्हें 500 सैलरी मिलती थी। कुछ समय बाद उनकी मुलाकात अनूप जलोटा से हुई। अनूप ने उन्हें भजन लिखने के लिए कहा। मनोज ने उनके लिए कई भजन लिखे, जिसके लिए कवि को 3000 हजार रुपए प्रति माह सैलरी मिलती थी। मनोज की किस्मत में बड़ा बदलाव कौन बनेगा करोड़पति से आया, उन्होंने इस शो के लिए लिरिक्स लिखने का ऑफर मिला।

# राहुल बोले- भाजपा और आरएसएस देश में फैला रहे हिंसा और डर

### भारत जोड़ो यात्रा ने मप्र में किया प्रवेश, मुरैना की सभा में कांग्रेस नेता ने कसा तंज- देश में हो रहा आर्थिक अन्याय

**सिटी चीफ भोपाल।**
राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने राजस्थान से मध्य प्रदेश में प्रवेश कर लिया है। चंबल नदी के राजघाट पुल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और जल से भरा कलश उन्हें सौंपा। इसके बाद से सीधे मुरैना में सभा स्थल पर पहुंचे।

राहुल गांधी ने मुरैना की सभा में कहा- बारिश में आप यहां भीग रहे थे तब भी खड़े रहे इसलिए दिल से धन्यवाद...। पिछले साल हमने भारत जोड़ो यात्रा की.. कन्याकुमारी से कश्मीर तक चले। हजारों लोग हमारे साथ चले.. क्यों चले.. क्योंकि देश में बीजेपी और आरएसएस डर और हिंसा फैला रहे हैं। हमारी बात मीडिया में नहीं आती इसलिए हमने सोचा सीधा जनता के बीच जाकर अपनी बात रखें। आजादी के बाद पहली बार किसी पार्टी ने 4 हजार किमी की यात्रा की। राहुल ने कहा, इससे बड़ा फायदा हुआ.. नफरत और मोहब्बत के बीच जो लड़ाई हुई वह लोगों को साफ दिखाई दी। एक तरफ भाजपा बांट रही है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस जोड़ रही है.. नफरत के बाजार में हमने मोहब्बत की दुकान खोली है। इस यात्रा में हमने एक शब्द न्याय जोड़ दिया। पहली यात्रा में लोगों ने कहा कि चारों तरफ अलग अलग अन्याय हो रहे हैं। युवाओं, किसानों के साथ अन्याय हो रहा है इसलिए नफरत



फैल रही है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा आर्थिक अन्याय हो रहा है। देश में 22ऐसे लोग हैं उनके पास उतना धन है जितना देश की आधी आबादी के पास है।

**पाकिस्तान और बांग्लादेश से दोगुनी बेरोजगारी**

राहुल बोले- जो 50 फीसदी सबसे गरीब हैं उनके पास 3 प्रतिशत धन है.. 5 प्रतिशत के पास 60 प्रतिशत धन है। हिंदुस्तान में पाकिस्तान और बांग्लादेश से दोगुनी बेरोजगारी है, क्योंकि केंद्र सरकार ने जीएसटी लागू की, नोटबंदी की तो छोटे बिजनेस बंद हो गए। हिंदुस्तान में छोटे रोजगार बंद हो गए... युवा बेरोजगार हो गए। पीएम ने 16 लाख करोड़ 10 उद्योगपति का माफ किया आज तक किसानों का एक रुपये माफ नहीं किया। किसान सिर्फ एमएसपी मांग रहा है। किसान सिर्फ सही दाम चाह रहा है। उन्होंने कहा जैसे ही किसानों का अनाज तैयार होता है एक्सपोर्ट पालिसी बदलकर दाम गिरा देते हैं। जैसे ही दिल्ली में कांग्रेस की सरकार आएगी, लीगल एमएसपी दे देंगे। देश में 50 प्रतिशत पिछड़े हैं, 73 प्रतिशत दलित आदिवासी हैं। बड़ी कंपनियों के मालिकों की लिस्ट निकाल लें एक व्यक्ति दलित नहीं मिलेगा। निजी कंपनियों में बड़े पदों पर 73त्न में से कोई नहीं मिलेगा।

**सरकार चाहती है रक्षा बजट उद्योगपति की जेब में जाए**

उन्होंने कहा सरकार चाहती है रक्षा बजट उद्योगपति की जेब में जाए। बड़े प्राइवेट कालेज, प्राइवेट अस्पतालों, विवि की लिस्ट निकाल लो 73त्न प्रतिशत में कोई भी नहीं मिलेगा। ब्यूरोक्रेसी की लिस्ट निकाल लो, सिर्फ 3 आदिवासी हैं। 73 प्रतिशत को कोने में बिठा दिया जाता है। प्राइवेट कंपनी, शिक्षा में आप नहीं हो, फिर हो कहां। मनरेगा में आपके नाम दिख जाएंगे। केंद्र सरकार आर्थिक अन्याय कर रही है। इसीलिए हमने न्याय शब्द जोड़ दिया, क्योंकि हम चाहते हैं कि गरीब लोगों को न्याय मिले। राहुल गांधी ने कहा- जाति जनगणना जिस दिन हो गई 73 प्रतिशत के खिलाफ अन्याय रुक जाएगा।धन का बंटवारा कैसे हुआ.. कौन से वर्ग के कितने लोग हैं यह सब जाति जनगणना से सामने आ जाएगा। अग्निवीर को बलिदानी का दर्जा नहीं दिया जाता है। सेना में दो तरह के बलिदानी होंगे। यदि अग्निवीर हुआ तो उसकी इज्जत नहीं करेगा। चार में से तीन अग्निवीर वापस आएंगे तो उन्हें न पेंशन मिलेगा न सम्मान मिलेगा।

**नेता व कार्यकर्ता लगे अपने अपने बैनर पोस्टर संभालने में**

बारिश से पहले आई आंधी में राजघाटपुल से लेकर मुरैना तक सड़क के किनारे लगे कांग्रेसियों के बैनर पोस्टर गिर गए। ऐसे में सभी नेता व कार्यकर्ता अपने अपने बैनर पोस्टरों को संभालने में जुट गए है। अंदाजा इसी बात सेलगाया जा सकता है कि स्टेडियम में जहां पर मंच बनाया गया है वहां भी लगाए गए पोस्टर, होर्डिंग आदि उखड़कर नीचे गिर गए हैं।

# आज श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाएगी प्रदेश सरकार

### प्रदेश की जनता के लिए अयोध्या में धर्मशाला बनवाएगी सरकार

**सिटी चीफ भोपाल।**
मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन कैबिनेट चार मार्च को श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष विमान से सभी मंत्रियों के साथ रामलला के दर्शन करने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वहा विक्रमादित्य घाट और प्रदेश की जनता के लिए धर्मशाला बनाने की संभावना भी टटोलेंगी। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस दिन अपील की थी कि सब एक साथ अयोध्या ना आए। इसके बाद रामलला के दर्शन शुरू होने के बाद भाजपा पार्टी शासित राज्यों के लिए भगवान के दर्शन के लिए अलग-अलग तारीख निर्धारित की गई। इसके अनुसार चार मार्च को मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन कैबिनेट भगवान श्रीराम के दर्शन करने जा रही है। भगवान राम से मध्य प्रदेश का विशेष संबंध मुख्यमंत्री डॉ.



मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि पूरी कैबिनेट के साथ मैं स्वयं चार मार्च को अयोध्या जाने वाला हूं। उन्होंने कहा कि रामलला के दर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो संकल्प लिया है कि जनता की सरकार जनता के लिए राम राज्य के सपने को साकार करने के लिए आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम से मध्य प्रदेश का विशेष संबंध है। सम्राट विक्रमादित्य ने दो हजार साल पहले वहां भव्य मंदिर बनाया था और अयोध्या के 43 मंदिरों का भी निर्माण उनके समय हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार दर्शन करने के साथ ही कोशिश करेगी कि मध्य प्रदेश की जनता के लिए भवन बनाकर धर्मशाला बनाने का प्रयास करेगी। यदि नदी के किनारे भूमि उपलब्ध हुई तो सरयू के किनारे विक्रमादित्य घाट बनाने का काम भी हमारी सरकार करेगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता की न्याय यात्रा पर बोला हमला

### कांग्रेस के साथ अन्याय कर रहे राहुल गांधी

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर तंज कसा है। उन्हों ने कहा कि वो कहते हैं न्याय यात्रा लेकिन खुद राहुल गांधी भी कांग्रेस के साथ अन्याय कर रहे हैं। कांग्रेस को इस हालत में पहुंचाने का श्रेय उन्हीं को जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता लगातार कांग्रेस छोड़ रहे हैं। पहले भी विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह पराजित हुई है और अब लोकसभा के चुनाव में वो जहां-जहां से गुजर रहे हैं वहां भी और पूरे मध्य प्रदेश में 29 की 29 सीटें भाजपा जीतेगी। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल जहां-जहां जाते है, वहां भाजपा की जीतने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि यह न्याय यात्रा नहीं भ्रष्टाचारियों को बचाने और



देशद्रोहियों को संरक्षण की यात्रा है। शर्मा ने कहा कि मोदी है तो जीत की गारंटी है। एमपी में 29 सीटों पर और देश में 370 सीटों पर जीत की गारंटी है। राहुल की यात्राओं का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वहीं, रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेश के लोकसभा प्रत्याशियों की सूची को लेकर कहा कि उनको कोई चुनाव लड़ने वाला नहीं मिल रहा है। भाजपा 29 की 29 सीटें जीत रही वहीं, स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने राहुल गांधी की यात्रा को लेकर कहा कि राहुल गांधी पहले भी मध्य प्रदेश आए थे। भाजपा ने 163 सीटें जीती। इस बार भी आकर चले जाएंगे। भाजपा 29 क 29 सीटें जीत रही है। देश की जनता ने मन बना लिया है। आएंगे तो मोदी ही।

### विधानसभा चुनावों से लिया सबक

# जल्द आएगी कांग्रेस की सूची नकुल और पटेल का नाम तय

**सिटी चीफ भोपाल।**
लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने 11 सीटों पर नाम तय कर लिए हैं। इनकी सूची आचार संहिता लगने से पहले सामने आ सकती है। सूत्रों की माने तो छिंदवाड़ा से नकुल नाथ और सीधी से कमलेश्वर पटेल का चुनाव लड़ना फिलहाल तय माना जा रहा है।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने उम्मीदवारों की सूची जारी करने में देर की थी और उसका खामियाजा भी उसे भुगतना पड़ा था। पार्टी के कई नेता इस वजह से लोकसभा चुनावों के लिए जल्दी टिकट घोषित करने की मांग करते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने प्रत्येक लोकसभा सीट के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए थे। इन्होंने रायशुमारी के आधार पर नामों का पैनल तैयार किया है। समन्वयकों ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक 11 सीटों पर सिंगल नामों का पैनल है। यानी यहां पर नाम लगभग तय है। इंतजार तो सिर्फ औपचारिक घोषणा का है। बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा, सीधी, जबलपुर,



विदिशा, गुना, मुरैना और मंदसौर लोकसभा सीट पर सिंगल नाम तय हुए है। इन सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा जल्द हो सकती है। छिंदवाड़ा में नकुलनाथ और सीधी में कमलेश्वर पटेल को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। नकुलनाथ तो एक तरह से अपने टिकट की घोषणा पहले ही कर चुके हैं। इसी तरह बैतूल सीट पर पिछली बार के पराजित प्रत्याशी रामू टेकाम, मुरैना सीट पर पूर्व विधायक डॉ. गोविंद सिंह, मंडला में अशोक मर्सकोले और विधायक नारायण सिंह पट्टा का नाम आ रहा है। झाबुआ में पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया प्रत्याशी हो सकते हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी संकेत दे चुके हैं कि पार्टी की मध्य प्रदेश के उम्मीदवारों की पहली सूची 10 मार्च तक आ जाएगी। बाकी सीटों पर पैनल से नाम तय किया जा रहा है।

**प्रत्याशियों की सूची दो हिस्सों में आने की संभावना**

मध्य प्रदेश में कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची दो हिस्सों में आने की सूचना है। 2019 में प्रदेश में सिर्फ छिंदवाड़ा सीट बचाने में ही कांग्रेस को कामयाबी मिली थी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का यहां दबदबा रहा है। उनके बेटे नकुल नाथ यहां से सांसद हैं। माना जा रहा है कि उन्हें दोबारा टिकट मिलेगा। वहीं, प्रदेश की 29 में से कम से कम 15 सीटों पर पार्टी युवा और नए चेहरों को मौका देगी। ऐसा कर पार्टी दूर की सोच दिखा रही है। हालांकि, कुछ सीटों पर नेताओं का नाम तलाशने में भी पार्टी को मेहनत करनी पड़ रही है।

**28 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस**

मध्य प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होता रहा है। विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के घटक समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस सीटों को लेकर कोई समझौता करने में नाकाम रही थी। इस बार कोशिश है कि इंडिया गठबंधन एकजुटता दिखाकर चुनाव लड़ें। इसके लिए खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ने की बात कही जा रही है। पार्टी को 28 सीटों पर उम्मीदवार तय करने हैं।

### शोर से ज्यादा संपर्क पर जोर, घर-घर पहुंचेंगे नेता

## भाजपा ने शुरू किया लाभार्थी जनसंपर्क अभियान

भोपाल। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 29 में से 29 सीटों को जीतने के लिए भाजपा जुट गई। इसी कड़ी में अब भाजपा ने शनिवार से लाभार्थी जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। इसमें तीन दिन चार मार्च तक मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, संगठन के पदाधिकारी भाजपा के नेता घर-घर जाएंगे। अभियान के तहत प्रदेश के 41 लाख से अधिक पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश के 64523 बूथों में घर-घर संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पाती लाभार्थियों को देने के साथ घर-घर में स्टीकर चिपकाएंगे। इसके साथ ही लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की तरफ से राम-राम भी कहेंगे। इसकी शुरूआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भोपाल के जवाहर चौक से की। शर्मा ने लाभार्थी जन सम्पर्क अभियान के तहत लाभार्थियों से संवाद कर सरकार की उपलब्धियों के पत्रक वितरित करते हुए सेल्फी ली। साथ ही दीवारों पर भाजपा के नारे लिखे। वहीं,एमपी लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत राजधानी के वार्ड 20 के सिलावटपुरा, दाल मील, सब्जी मंडी बूथ क्रमांक 7 पर लाभार्थी से संवाद किया। **लाभार्थियों को साधने पर फोकस** प्रदेश में करीब पांच करोड़ लोग मुफ्त राशन योजना का लाभ ले रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में करीब 44 लाख परिवारों को पक्का मकान मिला। प्रदेश में करीब 3.62 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड बांटे गए। भाजपा का फोकस लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के माध्यम से चुनाव से पहले केंद्र और राज्य सरकार की योजना का लाभ ले रहे हितग्राहियों तक पहुंचना और उनको साधना है। साथ ही इसे प्रदेश में राहुल गांधी के आगमन पर शुरू करने पर न्याय यात्रा को विफल करने की रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। **तीन दिन भाजपा कार्यकर्ता पहुंचेगे घर-घर** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों से देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में ढाई करोड़ से ऊपर लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व में सीएम से लेकर मंत्री और नगर पंचायत और पार्षद तक तीन दिन हितग्राहियों से संपर्क करेंगे और प्रधानमंत्री का संदेश लोगों के बीच पहुंचाएंगे।

### विहिप कार्यकर्ताओं से मारपीट का मामला

# रातीबड़ टीआई समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मियों पर एफआईआर




**सिटी चीफ भोपाल।**
विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं से मारपीट करने के मामले में रातीबड़ थाना प्रभारी समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। हालांकि पुलिस ने एनसीआर के तहत कार्रवाई की है। अब इस मामले में विहित के अधिकारी दोपहर में बैठक कर फैसला लेंगे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार शाम एक झगड़े के मामले में विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक, उपाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता थाने पहुंचे थे। जहां उनके साथ थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्वत और थाने के पुलिस बल ने कार्यकर्ताओं के साथ लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की थी। बाद में पुलिस के आला अफसरों के बाद मामला शांत हो गया था। देर रात में विहिप मध्य भारत प्रांत मंत्री राजेश जैन ने पुलिस के आला अफसरों से बातचीत की तो थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव, सब इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह समेत करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मियों के खिलाफ एनसीआर के तहत कार्रवाई की। हालांकि संगठन के कार्यकर्ता इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं, और प्रांत के अधिकारी दोपहर में बैठकर फैसला लेंगे। बताया जाता है कि आज इस मामले में थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों पर गाज गिर सकती है।

# 1400 किलोमीटर के रोमांचक सफर पर निकली देशभर की 25 महिला बाइक राइडर्स

### मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों से गुजरते हुए देंगी महिला सुरक्षा का संदेश

**सिटी चीफ भोपाल।**
मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के बाइकिंग इवेंट क्वीन ऑन द व्हील का फ्लैग ऑफ शनिवार को मध्य प्रदेश जनजातिय संग्रहालय (ट्राइबल म्यूजियम) से हुआ। देशभर की 25 महिला बाइक राइडर्स मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों से गुजरते हुए 1400 किलोमीटर के रोमांचक सफर पर निकल पड़ीं। इसका समापन 08 मार्च (महिला दिवस) को वापस भोपाल लौटने पर होगा। इसमें हैदराबाद, भुवनेश्वर, मुंबई, पुणे, नागपुर, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, देवास इत्यादि स्थलों की महिला राइडर्स मप्र जनजातीय संग्रहालय, भोपाल से सांची, चंदेरी, कुनो, ग्वालियर, ओरछा और खजुराहो जैसे प्रतिष्ठित स्थलों से गुजरेंगी। पर्यटन बोर्ड के



अधिकारियों द्वारा फ्लैग ऑफ कर महिला बाइकर्स को रवाना किया गया।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक, म.प्र. टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन परियोजना का सुचारू संचालन किया जा रहा है। इस ट्रेल का उद्देश महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए मध्य प्रदेश को महिला यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और सशक्त गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

प्रमुख सचिव ने बताया कि राइडर्स इस दौरान मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत, जीवंत संस्कृति और अदम्य वन्यक्षेत्रों का अनुभव करेंगे। महिला बाइकर्स चंदेरी के पास प्राणपुर में विकसित किये गए देश के पहले क्राफ्ट हैंडलूम टूरिज्म विलेज देखेंगी। ओरछा की राफटिंग एवं बेस्ट टूरिस्ट विलेज लाडपुरा खास का भ्रमण, कूनो नेशनल पार्क के पास विकसित कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट में लग्जरी ग्लैम्पिंग का अनुभव लेंगी। अन्य मुख्य आकर्षणों में ऐतिहासिक शहर ग्वालियर, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो और आदिवर्त राज्य संग्रहालय भी होगा। इस दौरान टूरिज्म विभाग से जॉइंट डायरेक्टर एडवेंचर डॉ. एस. के. श्रीवास्तव, डिप्टी डायरेक्टर फाइनेंस वीरेंद्र खंडेलवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे

**यह रहेगा रूट**

02 मार्च- भोपाल-सांची-विदिशा-मुगावली-चंदेरी

03 मार्च- चंदेरी-शिवपुरी-पोहरी-कूनो

04 मार्च- कूनो-पोहरी-मोहना-ग्वालियर-मितावली-पढ़ावली-ग्वालियर

05 मार्च- ग्वालियर-दतिया-झांसी-ओरछा

06 मार्च- ओरछा-निवाड़ी-बमीठा-खजुराहो

07 मार्च- खजुराहो-छतरपुर-गुलगंज-बड़ा मलहरा बंडा- सागर

08 मार्च- सागर-राहतगढ़-ग्यारसपुर-विदिशा बायपास-सांची-भोपाल

संपादकीय

# क्या बेंगलुरु कैफे में हुआ लोन वुल्फ अटैक?

बेंगलुरु में इंदिरानगर के पास एक कैफे में शुक्रवार को बम विस्फोट हुआ। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ब्लास्ट में कम तीव्रता वाले इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस का इस्तेमाल किया गया। ब्लास्ट में नौ लोगों के घायल होने की खबर है। इस हमले को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है। कई लोग इस ब्लास्ट को लोन वुल्फ अटैक से जोड़कर देख रहे हैं। बीजेपी के आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने भी इस संबंध में ट्वीट कर लोन वुल्फ अटैक की आशंका जताई। लोन वुल्फ अटैक से आशय है कि अकेला व्यक्ति ही जमीनी स्तर पर पूरे ब्लास्ट को अंजाम देता है। ऐसे में सवाल है कि आखिर इस हमले के पीछे कौन है। अभी तक किसी भी ग्रुप ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।बीजेपी नेता अमित मालवीय ने लिखा कि अभी कुछ दिन पहले, कांग्रेस एमएलसी बी के हरिप्रसाद ने पाकिस्तान के प्रति प्रेम का इजहार किया था। आज बेंगलुरु, यूपीए के दिनों की याद दिलाता है। संभवतः यह एक लोन वुल्फ अटैक है क्या? उन्होंने आगे लिखा कि कांग्रेस को तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सुरक्षा से समझौता करना बंद करना चाहिए। हालांकि, सरकार का कहना है कि पुलिस इस घटना की सभी कोणों से जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। आतंकी हमले के सवाल पर सरकार ने इस संबंध में इनकार किया है। सरकार का कहना है कि यह जानकारी नहीं है और इस मामले में अभी जांच चल रही है। एनआईए और खुफिया ब्यूरो को भी इस मामले की जानकारी दी गई है। ब्रुकफील्ड (आईटीपीएल रोड के पास) में रामेश्वरम कैफे में दोपहर 12.55 बजे आईईडी विस्फोट हुआ। उस समय कैफे लगभग 250 ग्राहकों से भरा हुआ था। इनमें से ज्यादातर सॉफ्टवेयर कंपनियों और फाइनेंशियल फर्मों के कर्मचारी थे। शुरूआती जांच से पता चला है कि कथित हमलावर 25-30 वर्ष की आयु का व्यक्ति है। सीसीटीवी वीडियो फुटेज का विश्लेषण करने वाले वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नकाबपोश व्यक्ति को रेस्तरां के ठीक पास एक बस से उतरा था। उसे लगभग 11.30 बजे चलते हुए देखा गया था। उन्होंने कैश काउंटर पर रवा इडली की एक प्लेट के लिए पेमेंट करने के बाद टोकन लिया। वह बैग कूड़ेदान के पास रखकर करीब 11.45 बजे चला गया। एक घंटे बाद, टाइमर का उपयोग करके बम ब्लास्ट को अंजाम दिया गया। शहर की पुलिस बैग छोड़ने वाले व्यक्ति की पहचान करने के लिए एआई-संचालित चेहरे की पहचान तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि संदिग्ध की पहचान कर ली गई है। उसके चेहरे की विशेषताओं को सीसीटीवी में कैद कर लिया गया है। उसे ट्रैक करने के लिए चेहरे की पहचान प्रणाली का उपयोग करके मिलान किया जा रहा है। डिप्टी सीएम के अनुसार केंद्रीय अपराध शाखा को अपराध की जांच सौंपी गई है। एक-दो दिन में संदिग्ध को पकड़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आठ टीमें तलाश में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि संदिग्ध कहां से आया और कहां गया, यह जानने के लिए सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। मुझे विश्वास है कि हमारी पुलिस उसे पकड़ लेगी। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि धमाका दोपहर करीब एक बजे हुआ। यह घटना रामेश्वरम कैफे में हुई। 28 से 30 वर्ष का एक युवक कैफे में आया और काउंटर पर रवा इडली खरीदी। इसके बाद बैग कैफे के सामने एक पेड़ के नजदीक रखकर चला गया। बैग रखने के करीब एक घंटे के बाद धमाका हुआ। घटना के बारे में राज्य के डिप्टी सीएम ने बताया कि यह कम तीव्रता का बम धमाका था। उसने (व्यक्ति) एक घंटे के बाद धमाका होने के लिए टाइमर लगाया था।

ब्लास्ट को लेकर राज्य सरकार और पुलिस एक्शन में हैं। इस मामले में शनिवार को ही चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच केंद्रीय क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है। इसी टीम ने धारावाड़, हुबली और बंगलूरू से पूछताछ के लिए चार लोगों को पकड़ा है। बंगलूरू सिटी कमिश्नर बी. दयानंद ने कहा कि रामेश्वर कैफे में शुक्रवार दोपहर को हुए आईईडी ब्लास्ट की जांच तेजी से जारी है। कई टीमें इस पर जांच कर रही हैं और कुछ सबूत भी हाथ लगे हैं। इस बीच, पूरे राज्य में, खासकर केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# अब भी अमन की राह देखता मणिपुर



मणिपुर में पिछले साल मई से हिंसा का जो नया दौर शुरू हुआ, वह दस महीने के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा। अब तक करीब 200 लोग इस हिंसा में जान गंवा चुके हैं और हजारों पलायन करने को मजबूर हुए हैं। चिंता की बात है कि हिंसा के जल्द खत्म होने के संकेत भी नहीं मिल रहे। लग रहा है, हम किसी ऐसी अंधेरी सुरंग से गुजर रहे हैं, जिसका दूर-दूर तक सिरा नहीं है।

तीन दिन पहले (27 फरवरी) एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का एस्कॉर्ट के साथ किया गया अपहरण इसका ज्वलंत प्रमाण है। इंफाल पश्चिम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह को उनके ही घर से 200 से अधिक बंदूकधारियों ने अगवा कर लिया था। इस दौरान वहां तोड़फोड़ भी की गई और गोलियां भी चलाई गईं। हालांकि, त्वरित जवाबी कार्रवाई से उनको छुड़ा लिया गया, लेकिन यह घटना चौंकाने वाली है। पुलिस के बयान में यह नहीं बताया गया है कि अपहरण के पीछे कौन लोग हैं? मगर उंगली कट्टरपंथी जमात अरामबाई तेंगगोल की तरफ उठी है, जो मैतेई समर्थक गुट है। पुलिसिया बयान में यह भी साफ नहीं है कि यह अपहरण आखिर क्यों किया गया था? हां, यह जरूर बताया गया है कि खुलेआम हथियार लहराने और गाड़ियों की चोरी करने के आरोप में इसी संगठन के कुछ सदस्यों को उस दिन पकड़ा गया था, जिसके प्रतिशोध में यह की गई होगी। इस घटना के अगले दिन 28 फरवरी को मणिपुर पुलिस कमांडो ने अपहरण और सशस्त्र गुटों के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति नहीं मिलने से नाराज होकर अपना विरोध भी जताया और अपने हथियार नीचे रख दिए।

मणिपुर में हिंसा की शुरूआत तब हुई थी, जब मणिपुर उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने पर विचार करने को कहा था। इसका राज्य के आदिवासी समूहों ने विरोध किया। यहां की आबादी में करीब 53 फीसदी हिस्सा मैतेई लोगों का है और ये मूलतः इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि लगभग 40 फीसदी हिस्सेदारी नगा, कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की है, जो मुख्यतः पहाड़ी जिलों में बसे हुए हैं।

मौजूदा घटनाक्रम में यह जानना भी जरूरी है कि अरामबाई तेंगगोल संगठन को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। इस संगठन के कार्यकर्ता आमतौर पर पुराने मणिपुर के गौरव को बहाल करने के नारे लगाते हुए सड़कों पर या बाजारों में देखे जाते हैं। राज्य में चल रहे संकट के बीच इस साल 24 जनवरी को इस संगठन द्वारा बुलाई गई बैठक में मुख्यमंत्री सहित 37 विधायकों और दो सांसदों ने भाग भी लिया था, जिसमें एक छह सूत्री मांग-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसमें राज्य की अखंडता को बचाने व मैतेई की सुरक्षा की बात कही गई थी। बैठक में यह मांग-पत्र केंद्र को भेजने पर भी सहमति बनी थी। मीडिया में तो बैठक के लिए आए तेंगगोल नेता कोरौंगनबा खुमान का स्वागत करने वाली मैतेई महिलाओं की तस्वीरें भी छपीं। इन महिलाओं के गुट मीरा पैबी ने तेंगगोल सदस्यों को हिरासत में लिए जाने के विरोध में पुलिस अधिकारी के अपहरण से ऐन पहले सड़क जाम भी किया था।

मैतेई के साथ दो-दो हाथ करने वाले कुकी-जो समुदाय ने भी हालिया घटना के लिए अरामबाई तेंगगोल को जिम्मेदार ठहराया है। वह राज्य में ताजा संघर्ष के दौरान हिंसा होने और कुकी-जो समुदाय पर हुए हमले के लिए भी इस संगठन को निशाने पर लेता रहा है।

इस बीच, 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्र सरकार के फैसले का भी पूर्वोत्तर में असर देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम की सीमा म्यांमार से मिलती है, और नगा व कुकी-जो समुदाय के लोग बड़ी संख्या में सीमा के दोनों तरफ बसते हैं। यही कारण है कि अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर की सरकारों ने जहां बाड़ेबंदी के फैसले का स्वागत किया है, तो नगालैंड और मिजोरम इसके विरोध में खड़े हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विगत 8 फरवरी को यह एलान किया था कि केंद्र सरकार ने आंतरिक सुरक्षा व पूर्वोत्तर में जनसांख्यिकीय संरचना के खतरे को देखते हुए भारत-म्यांमार निर्बाध आवागमन व्यवस्था को खत्म करने का फैसला किया है। फिलहाल जो व्यवस्था कायम है, वह 2018 की देन है, जिसके तहत नगा, कुकी और जो जैसे आदिवासी समुदायों के लोग 16 किलोमीटर की सीमा-रेखा में निर्बाध आ-जा सकते हैं।

देखा जाए, तो मणिपुर की मौजूदा स्थिति को देखते हुए भी यह व्यवस्था खत्म की जा रही है। 24 जनवरी को तेंगगोल की बैठक में पारित छह सूत्री मांगों में एक यह भी थी। मैतेई संगठनों का आरोप है कि म्यांमार से मणिपुर तक कुकी शरणार्थियों की बड़े पैमाने पर हुई घुसपैठ से न सिर्फ राज्य की जमीन पर दबाव पड़ा है, बल्कि जनसांख्यिकीय संरचना बदलने का खतरा भी खासा बढ़ गया है। उन्होंने इन शरणार्थियों पर नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी करने का आरोप भी लगाया है। दूसरी ओर, नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम के आदिवासी सीमा बंद करने के फैसले का कड़ा विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इसका व्यापक असर पड़ेगा। मिजोरम विधानसभा पहले ही इस प्रस्ताव के खिलाफ एक अन्य प्रस्ताव पारित कर चुकी है। इसी वजह से निर्बाध आवागमन व्यवस्था खत्म करने संबंधी केंद्र सरकार के फैसले से अस्थिरता के एक नए दौर की शुरूआत का अंदेशा जताया जा रहा है। जाहिर है, इस मसले का हमें स्थायी समाधान ढूंढ़ना होगा। जानकारों ने पहले कुछ समाधान सुझाए हैं, जिन पर विचार करना उचित होगा। 27 फरवरी को एक अन्य उल्लेखनीय घटना हुई है। मणिपुर उच्च न्यायालय ने 27 मार्च, 2023 के अपने उस फैसले में संशोधन किया है, जिसमें राज्य सरकार से मैतेई को एसटी दर्जा देने पर विचार करने को कहा गया था। उस फैसले से जुड़े पैराग्राफ को नए आदेश में हटा दिया गया है। मणिपुर के लोग इस पर क्या प्रतिक्रिया देंगे, फिलहाल यह तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन यहां की जटिल स्थिति को देखकर यही कहा जा सकता है कि हालात को संभालने के लिए यह देर से उठाया गया कदम है।

# प्रशासनिक भ्रष्टाचार के लिए प्रशासन ही जिम्मेदार

भारतीय प्रशासन में सच्चरित्रता तथा नैतिकता की स्थापना करना एक विषम समस्या है। ऐसा भ्रष्टाचार परम्परागत व विश्वव्यापी है जिसे समाप्त नहीं किया जा सकता तथा केवल कुछ सीमा तक इसे कम जरूर किया जा सकता है। कौटिल्य ने कहा है कि सार्वजनिक कर्मचारियों द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग न करना उसी तरह से संभव है जिस तरह जीभ पर रखे शहद को न चखना है। भ्रष्टाचार एक ऐसा नासूर है जिसकी लोक कथाओं के किस्से ऐतिहासिक दस्तावेजों तक चर्चित रहे हैं।

वास्तव में राजनीति व राजनीतिज्ञ भ्रष्टाचार के जन्मदाता हैं तथा उनके ही संरक्षण में पल कर प्रशासनिक अधिकारी अनैतिकता का काम करते हैं। वास्तव में भ्रष्टाचार का जन्म सत्ता के ऊंचे शिखरों से आरम्भ होता है जो धीरे-धीरे पूरे तन्त्र में रिस जाता है तथा इस अमररूपी बेल को राजनीतिज्ञों व उच्च प्रशासनिक अधिकरियों द्वारा पाला व पोसा जाता है। आज प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक सुख सुविधाएं स्वयं व परिवार के लिए जुटाना चाहता है। ऊंचा ठाठ-बाठ बनाए रखना वस्तुतः प्रतिष्ठा का परिचायक बन चुका है।

वेतनभोगियों की आय तो सीमित होती है, मगर वे भ्रष्ट साधनों से अतिरिक्त आय जुटाने में लगे रहते हैं। यद्यपि सरकार ने वेतनभोगियों के भ्रष्ट आचरण पर अंकुश लगाने के लिए कई नियम व कानून बना रखे हैं, मगर इन सबके बावजूद ऐसे भ्रष्ट लोग कानूनों से बचने में सफल हो जाते हैं। कितनी विडंबना है कि राजनीतिज्ञों ने विभिन्न कार्पोरेट के लोगों से अपनी पार्टियों को चलाने के लिए इलैक्ट्रोल बॉन्ड की खरीदो-फरोख्त करने की न केवल इजाजत दे रखी थी, बल्कि इस धन को आयकर से भी बाहर कर रखा था तथा इसी तरह कोई भी व्यक्ति इस सम्बन्ध में सूचना भी प्राप्त नहीं कर सकता था। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने ही इस मक्कडजाल को तोड़ा है तथा भ्रष्टाचार के इस अवैध मार्ग को परास्त किया है। वास्तव में राजनीतिज्ञ प्रशासन को अपने हाथ में लेकर अपनी स्वार्थपूर्ण नीतियों व नियमों को बनाते रहते हैं। उस समय में आरबीआई के गवर्नर रहे अर्जित पटेल ने चुनाव आयोग को आगाह किया था कि यह स्कीम मनी लॉन्डरिंग को बढ़ावा देगी जोकि देश के हित में नहीं होगा। मगर पिंजरे का तोता चुनाव आयोग इस सम्बन्ध में कुछ न कर सका तथा चुप्पी साधे बैठे रहा। भ्रष्टाचार को तो मानो सामाजिक मान्यता प्राप्त हो चुकी है। पैसा व प्रतिष्ठा तो अब एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। पांच-चार हजार की रिश्वत तो चाय पानी के रूप में ही मानी जाती है। प्रशासन में छोटी छोटी अनियमितताएं अब स्वाभाविक प्रक्रियाएं मान ली जाती हैं। जो व्यक्ति कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी करता है उसे असामाजिक व्यक्ति माना जाता है। प्रशासनिक कार्यों में नैतिकता समाहित करने के लिए कई सस्थाएं बनाई गई हैं, मगर वे भी आम तौर पर निष्क्रिय ही पाई जाती हैं। सतर्कता विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक संस्थाएं, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, पुलिस का गुप्तचर विभाग, लेखा परीक्षण तथा लोकायुक्त सहित सभी विभाग पूर्णतः क्रियाशील व प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं।

उधर हमारी न्यायिक व्यवस्था भी इतनी जटिल है कि अपराधी किसी न किसी बहाने छूटने में सफल हो जाते हैं। अधिकतर देखा गया है कि बड़े अधिकारियों को पकड़ना मुश्किल होता है तथा छोटे मोटे कर्मियों जैसे कि पटवारी, कानूनगो, वन रक्षक या फिर क्लर्क इत्यादि लोगों को पकडकर ये सारे विभाग अपना टारगेट पूरा करते रहते हैं। वास्तव में प्रशासनिक वेतनभोगियों को बचाने के लिए हमारे कानून ने एक बहुत बड़ा बचाव व संरक्षण का तरीका समाहित कर रखा है। भारतीय दंड प्रक्रिया की धारा 197 के अन्तर्गत किसी भी न्यायाधीश या लोकसेवक द्वारा यदि कोई भ्रष्ट आचरण किया जाता है तथा अमुक व्यक्ति पुलिस द्वारा पकड़ भी लिया जाता है, तब भी पुलिस को ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध चालान को न्यायालय में भेजने से पहले उस व्यक्ति के नियुक्त अधिकारी से अभियोजन की स्वीकृति लेना आवश्यक है। आम तौर पाया गया है कि भ्रष्ट उच्चाधिकारियों की स्वीकृति को टाले रखा जाता है तथा कई वर्षों तक यह खेल चलता रहता है। तदोपरान्त एक समय के बाद उस चालान की न्यायालय में भेजने की समय सीमा समाप्त हो जाती है, हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस सम्बन्ध में कई बार निर्णय दे रखे हैं कि भ्रष्टाचार करना किसी कर्मचारी का आधिकारिक कार्य का हिस्सा नहीं है तथा कि ऐसे मामलों में चालान को बिना स्वीकृति के ही न्यायालय में भेजा जा सकता है, मगर फिर भी देखा गया है कि कुछ भ्रष्ट अधिकारी इस कानूनी धारा का लाभ उठा कर सजा से बचते रहते हैं। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के भ्रष्ट आचरण को रोकने की जिम्मेदारी तो उनके अपने विभाग की ही होनी चाहिए, मगर चोर चोर मौसेरे भाई की उक्ति की पालना करते हुए आम तौर पर अधिकारी चुप्पी साधे रखते हैं तथा यह सारा कार्य पुलिस को ही करना पड़ता है। जब सारा तन्त्र ही भ्रष्ट हो, तब पुलिसमैन भी कोई ऐसा फरिश्ता या अली बाबा नहीं हो सकता जो ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को पकड़ने में सक्षम हो पाए। यह भी देखा गया है कि भ्रष्ट कर्मियों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से बनाई गई सम्पत्ति की जांच नहीं की जाती तथा वे देखने में ईमानदार ही लगते हैं, जबकि उन्होंने न जाने कितने करोड़ों की सम्पत्ति कई स्थानों पर अपने रिश्तेदारों या फिर चहेतों के नाम पर बना रखी होती है। इसी तरह ऐसे भ्रष्ट अधिकारी लाखों करोड़ों रुपए अपने बच्चों की पढ़ाई या उनके विवाह पर खर्च करते पाए जाते हैं तथा अपनी दो नम्बर की कमाई का किसी भी पुलिस तन्त्र को पता ही नहीं लगने देते। आखिर क्या कारण हैं कि एक ही पद तथा एक ही वेतनमान पर कार्यरत एक ईमानदार व एक भ्रष्ट कर्मी का जीवन स्तर न केवल अलग-अलग होता है बल्कि एक कम वेतनमान वाले कर्मी का आलीशान बंगला व उसकी अन्य सुख सुविधाएं दूसरे से कहीं अधिक होती हैं। वास्तव में अधिकांश व्यक्ति नौकरशाही की कार्यप्रणाली, कठोर नियमों तथा जटिल प्रक्रियाओं से घिरी होने के कारण अपना कार्य शीघ्रतापूर्वक सम्पादित करवाने हेतु घूस देना पसन्द करते हैं तथा कर्मचारियों की यह प्रवृत्ति बन गई है कि बिना घूस के कार्यों को आम तौर पर नहीं किया जाता।

# जीडीपी की ऊंचाई आम जीवन में भी दिखे.....

इसमें दो राय नहीं कि वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी के आंकड़े अर्थव्यवस्था में आशा का संचार करने वाले हैं। अक्तूबर-दिसंबर की तिमाही के जीडीपी आंकड़े बताते हैं कि देश कोरोनाकाल के संकट और वैश्विक चुनौतीपूर्ण स्थितियों से मुक्त होकर विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। शुक्रवार को शेयर बाजार का रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंचना बताता है कि उसे तरक्की के आंकड़े रास आए हैं। विपक्षी नेता कह सकते हैं कि चुनावी समर में जाते देश की गुलाबी तसवीर सरकार पेश कर रही है। लेकिन मार्च माह के पहले दिन घरेलू बाजार में दमदार तेजी हकीकत बयां करती है। विदेशी निवेशकों का भरोसा भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ा है। जिसके चलते सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर तक जा पहुंचे। जो बताते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था ने नई रफ्तार पकड़ ली है। देश ने आर्थिक विकास के मामले में चीन-अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। गुरुवार को जारी तीसरी तिमाही के आंकड़ों के अनुसार देश की विकास दर 8.4 फीसदी रही है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह आंकड़ा साढ़े छह प्रतिशत के आसपास रह सकता है। वैसे इससे पहले दूसरी तिमाही की ग्रोथ दर 7.6 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में विकास दर 4.3 फीसदी रही थी। निस्संदेह, ये आंकड़े मोदी सरकार के लिए बूस्टर का काम कर सकते हैं। जो आने वाले आम चुनाव में एक मुद्दा भी रहेगा और सरकार अर्थव्यवस्था के सवाल पर विपक्ष के सवालों का जवाब देने में मजबूत रहेगी। इतना ही नहीं, आईएमएफ जैसी वैश्विक संस्थाएं भी कह रही हैं कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास की गति अमेरिका, जापान व चीन से अधिक रहेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि विकास के आंकड़ों की यह क्षमता देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाये। देश में बेरोजगारी की दर धरातल पर कम हो। उल्लेखनीय है कि पिछली तिमाही में अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन के मूल में तीन बड़े कारक रहे हैं। भले ही कृषि क्षेत्र में सुस्ती देखी गई है, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग, माइनिंग और विनिर्माण के क्षेत्रों में उत्साहवर्धक गति देखी गई है। बढ़ते अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि का भी अर्थव्यवस्था को गति देने में योगदान रहा है। उत्साहजनक बात यह रही कि उत्पादन क्षेत्र में तीसरी तिमाही में 11.6 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि पिछली तिमाही में महज 4.8 फीसदी रही थी। वहीं खनन के क्षेत्र में भी विकास दर 7.5 फीसदी रही है। अच्छी बात यह भी है कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार फरवरी में करीब तीन अरब डॉलर बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को दी गयी जानकारी के अनुसार, विदेशी मुद्रा का भंडार अब बढ़कर 619 अरब डॉलर हो गया है। वहीं दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक के एक अध्ययन में बताया गया है कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर आठ फीसदी के दायरे में रह सकती है। भारत की यह उपलब्धि इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाएं उच्च मुद्रास्फीति की चुनौतियों से जूझ रही हैं। जिसके चलते विश्व की वित्तीय स्थितियों में विषमता नजर आ रही है। वहीं भारत ने दुनिया में जारी युद्धों के प्रभाव, महामारी के प्रभावों के बावजूद ये कामयाबी हासिल की है। अच्छी बात यह है कि हमारी उपलब्धियां अनुमानों से अधिक हैं। सुखद यह भी है कि देश ने लगातार तीसरी बार अर्थव्यवस्था की विकास दर को सात प्रतिशत से अधिक रख पाने में सफलता पायी है। इसके बावजूद कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अनुकूल नहीं है। निस्संदेह, विनिर्माण क्षेत्र में दो अंकों में वृद्धि महत्वपूर्ण है। लेकिन कृषि क्षेत्र में अपेक्षित वृद्धि का न होना हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। देश की खाद्य शृंखला को मजबूत बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बहरहाल, अर्थव्यवस्था के ताजा आंकड़ों से निश्चित रूप से नये जनादेश के लिये जाने वाली राजग सरकार का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# 'बचपन से ही मैं' अनंत अंबानी ने बयां किया अपनी बीमारी का दर्द, बेटे की बात सुन भावुक हुए पिता मुकेश अंबानी



**नई दिल्ली ।** देश के सबसे बड़े बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के घर में इस वक्त धूम मची हुई है। जल्द ही अंबानी परिवार छोटी बहू राधिका मर्चेंट का स्वागत करेगा। इस वक्त राधिका और अनंत अंबानी का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन गुजरात के जामनगर में चल रहा है। एक मार्च से शुरू हुए इस इवेंट का आज तीसरा दिन है। प्री वेडिंग इवेंट में देश ही नहीं, बल्कि विदेश से भी कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। इस इवेंट की कई कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रही हैं। इन तस्वीरों के साथ ही होने वाले दूल्हा-दुल्हन और अंबानी परिवार के बाकी लोगों का लुक भी चर्चा में बना हुआ है। प्री वेडिंग इवेंट के दूसरे दिन यानी शनिवार को अनंत ने अपने माता-पिता को लेकर एक स्पेशल स्पीच तैयार की है, जिसे सुनने के बाद मुकेश अंबानी इमोशनल होते नजर आए हैं। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

**अनंत ने अपनी बीमारी के बारे में खुलकर की बात** प्री- वेडिंग फंक्शन के पहले दिन अनंत अंबानी ने अपनी होने वाली पत्नी राधिका मर्चेंट के साथ मिलकर एक खास स्पीच दी। अपने इस स्पीच में अनंत ने अपने पिता मुकेश अंबानी और मां नीता अंबानी के बारे में बात की। अनंत ने स्टेज पर सबके सामने अपनी हेल्थ इश्यूज के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'बचपन से ही मैं कई हेल्थ संबंधी समस्याओं का सामना कर चुका हूं। लेकिन मेरे माता-पिता ने मुझे ये कभी ये महसूस नहीं होने दिया कि मैं बीमार हूं और अपनी बीमारी से संघर्ष कर रहा हूं। मेरे मुश्किल समय में वो हमेशा ही मेरे साथ खड़े रहे। हर वक्त वो मुझे यकीन दिलाते थे कि मैं जल्द ही ठीक जाऊंगा और अपनी लाइफ में जो भी चाहता हूं वो एक दिन जरूर करूंगा। उनके होने का असली मतलब क्या है ये उस वक्त मुझे बहुत अच्छे समझ गया था।'

**अनंत की बात सुन रो पड़े मुकेश अंबानी** अनंत अंबानी ने आगे कहा, 'मुझे सपोर्ट करने के लिए और मेरे साथ मजबूती से खड़े होने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद मॉम डैड।' अनंत की बात सुनकर सामने बैठे उनके पिता मुकेश अंबानी अपने इमोशन को रोक नहीं पाए। बेटे की बीमारी की बात सुनकर मुकेश अंबानी के आंखों से आंसू निकल पड़े। वीडियो में मुकेश के आंखों में आंसू आसानी से देखे जा सकते हैं। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# बॉक्स ऑफिस पर यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 का जलवा जारी




**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम ) स्टारर आर्टिकल 370 की इस समय जमकर चर्चा हो रही है। आदित्य जाम्बले द्वारा निर्देशित और आदित्य धर द्वारा निर्मित इस फिल्म में दिग्गज कलाकारों की टोली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म की काफी चर्चा हो रही थी। अब फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म आर्टिकल 370 में यामी गौतम, प्रियामणि और अरुण गोविल अहम भूमिकाओं में हैं। पहले दिन यानी शुक्रवार को इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर खाता 5.9 करोड़ से खुला था। इसके बाद वीकेंड पर फिल्म ने सॉलिड कमाई की। दूसरे दिन 7.4 करोड़, तीसरे दिन 9.6 करोड़, चौथे दिन 3.25 करोड़, पांचवें दिन 3.3 करोड़, छठवें दिन 3.15 करोड़ और सातवें दिन 3 करोड़ का कलेक्शन किया है। अब 'आर्टिकल 370' के 8वें दिन की कमाई का आंकड़ा भी सामने आ गया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म आर्टिकल 370 ने सातवें दिन लगभग 2.90 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म ने आठ दिनों में 38.35 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। ऐसा कहा जा रहा की वीकेंड पर कमाई के अकड़े और बढ़ सकते हैं। इस फिल्म में यामी एक एनआईए ऑफिसर की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म अनुच्छेद 370 को हटाने के संघर्ष, कश्मीर का इतिहास, आतंकवाद की पृष्ठभूमि, राजनीतिक हस्तक्षेप से संबंधित है।

# प्री-वेडिंग में छाया अनंत अंबानी-राधिका का लुक मां नीता और बहन ईशा खूबसूरत नजर





नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के घर जल्द ही छोटी बहू राधिका मर्चेंट का स्वागत होने वाला है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन गुजरात के जामनगर में कल यानी 1 मार्च से शुरू हो चुका है जो 3 मार्च तक चलेगा। प्री वेडिंग इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रही हैं। इन तस्वीरों के साथ ही होने वाले दूल्हा-दुल्हन और अंबानी परिवार के बाकी लोगों का लुक भी चर्चा में बना हुआ है। प्री वेडिंग फंक्शन में अनंत और राधिका ने तो अपने लुक से सभी का दिल जीता, लेकिन मां नीता और बहन ईशा अंबानी भी बेहद खूबसूरत नजर आईं।

**प्री वेडिंग इवेंट में छाया अनंत-राधिका का लुक** प्री वेडिंग इवेंट से कई तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। वहीं, फैंस को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार था। राधिका ने बग्गी पर सवार होकर इवेंट में एंट्री की। वहीं, इवेंट के पहले दिन अनंत और राधिका ने अपने लुक से हर किसी का दिल जीता। अनंत ने व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैक कलर का सूट कैरी किया था, जिसमें वो बेहद हैंडसम लग रहे थे। वहीं, उनकी होने वाली दुल्हनिया राधिका ने शिमरी लाइट पिंक कलर का ऑफ शोल्ड गाउन कैरी किया था। इस ड्रेस में राधिका किसी परी से कम नजर नहीं आ रही थीं।

**नीता अंबानी और ईशा के लुक की भी चर्चा** दूल्हा-दुल्हन के साथ लोगों की नजरें उनकी नीता अंबानी और ईशा अंबानी के लुक पर भी जा टिकीं। पूरे इवेंट में उनका लुक भी छाया रहा है। प्री वेडिंग इवेंट में नीता अंबानी ने डार्क पर्पल कलर का लॉन्ग गाउन कैरी किया था। इसके साथ उन्होंने हाई बन बनाकर अपने लुक को कम्प्लीट किया। वहीं, ईशा अंबानी ने पेस्टल कलर का ऑफ शोल्डर गाउन पहना था। इसके साथ ईशा ने गले में हैवी नेकपीस के साथ अपने लुक को कम्प्लीट किया। इस दौरान स्टार्स का लुक भी पूरी पार्टी में छाया रहा ।

### प्रियंका चोपड़ा ने की नई फिल्म 'द ब्लफ' की घोषणा, इस अभिनेता के साथ जमेगी जोड़ी

**डेस्क।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है, वहीं अब अभिनेत्री ने अपनी एक और नई हॉलीवुड फिल्म की घोषणा कर दी है। प्रियंका ने आधिकारिक तौर पर अपनी नई मनोरंजक फिल्म 'द ब्लफ' की घोषणा कर दी है। हालांकि, बीते कुछ समय से ये खबरें सामने आ रही थीं कि अभिनेत्री ने यह फिल्म साइन की है, लेकिन अब उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए आधिकारिक तौर पर इस पर मुहर लगा दी। फिल्म में प्रियंका हॉलीवुड अभिनेता कार्ल अर्बन के साथ अभिनय करेंगी। प्रियंका की यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'द ब्लफ' का निर्देशन फ्रैंक ई. फ्लावर्स करेंगे। हिट फिल्म 'बॉब मार्ले- वन लव' के सह-लेखन के बाद उन्हें लोकप्रियता मिली थी, इस फिल्म ने दुनिया भर में 120 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की थी। प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट साझा किया और लिखा, 'कभी-कभी हमें आशा होती थी कि यदि हम जिंदा रहे और अच्छे रहे तो भगवान हमें समुद्री डाकू बनने की अनुमति देंगे।'

# कंगना रनौत बोली... मेरा राजनीति में आने का यही सही समय



**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत एक्टिंग के साथ-साथ अपने बयानों को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। वह कई विषयों पर अपने विचार शेयर करती हैं। जल्द ही उनकी फिल्म 'इमरजेंसी' पर्दे पर आएगी। इस फिल्म में उन्होंने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। कंगना राजनीतिक मुद्दों पर भी अक्सर अपनी राय रखती रहती हैं। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में पॉलिटिकल एंट्री को लेकर बयान दिया है। कंगना इससे पहले भी कई बार राजनीति में आने को लेकर अपनी राय जाहिर कर चुकी हैं। पिछले साल नवंबर में कंगना ने पॉलिटिकल एंट्री को लेकर अपनी राय रखी थी। उन्होंने कहा था, 'अगर भगवान कृष्ण चाहेंगे तो मैं लोकसभा चुनाव लड़ूंगी।' अब हाल ही में एक इंटरव्यू में कंगना ने एक बार फिर अपनी पॉलिटिकल एंट्री को लेकर बड़ा बयान दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी राजनीतिक एंट्री को लेकर खुलासा किया है। कंगना ने कहा, 'मैंने कई फिल्मों के सेट के लिए राजनीतिक दलों से लड़ाई की है। मैं अपने देश के लिए जो करना चाहती हूं, उसे करने के लिए मुझे जगह नहीं मिलती। अगर मैं राजनीति में आना चाहती हूं तो मुझे लगता है कि शायद यही सही समय है। इस देश ने मुझे बहुत कुछ दिया है और इसे लौटाना मेरी जिम्मेदारी है। मैं हमेशा से राष्ट्रवादी रही हूं और इस छवि ने मेरे अभिनय करियर को भी प्रभावित किया है। मुझे लगता है कि मुझे लोगों से बहुत प्यार और सराहना मिलती है। कुछ दिनों पहले कंगना ने सोशल मीडिया पर अपने राजनीति में आने को लेकर एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था, 'मैं बहुत संवेदनशील और समझदार इंसान हूं। मैं कोई राजनीतिक व्यक्ति नहीं हूं। मुझसे कई बार राजनीति में आने के लिए कहा गया लेकिन मैं राजनीति में नहीं आई। कंगना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह तरह-तरह के वीडियो और तस्वीरें पोस्ट कर अपने फैंस को अपडेट करती रहती हैं। पिछले महीने 22 जनवरी को कंगना अयोध्या में राम मंदिर के लोकार्पण समारोह में शामिल हुई थीं। इतना ही नहीं वह अयोध्या के एक मंदिर में झाड़ू लगाते हुए भी नजर आईं। इस सेरेमनी के दौरान की उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे।

# बिना शादी के बनी थीं मां, 37 की उम्र में खुद को बताया 'बदसूरत मॉम'



नई दिल्ली । इलियाना डिक्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर कीं. जिसमें वह काफी मायूस लग रही हैं. वह उदास और थोड़ी परेशान दिख रही हैं. इस फोटो को शेयर करते हुए अदाकारा ने एक बेहद लंबा नोट लिखा है. जिसमें उन्होंने बताया कि मां बनने के बाद कैसे पोस्टपर्टम डिप्रेशन से छूटकारा पाया जा सकता है. बता दें कि इलियाना जब से मां बनी हैं तब से वह अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने बेबी के साथ अपने अनमोल पलों के बारे में दिलचस्प किस्से साझा कर रही हैं. लेकिन मां बनने के 6 महीने बाद उन्होंने जो मैसेज दिया है वह बेहद शानदार है. बता दें, इलियाना डिक्रूज उन अभिनेत्रियों में गिनी जाकी हैं, जिन्होंने शादी से पहले ही मां बनने का फैसला किया. बिन शादी के मां बनी इलियाना डिक्रूज के इस फैसले ने हर किसी को अवाक कर दिया था. हालांकि इलियाना इस बात का असर कभी पड़ने नहीं दिया. इलियाना माइकल डोलन को डेट करती हैं. एक्ट्रेस ने मां बनने से पहले ब्वॉयफ्रेंड संग अपनी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की थी. इसके साथ ही बीच में यह खबर भी आई थी कि एक्ट्रेस ने माइकल से सगाई भी कर ली है. सगाई के बाद कपल ने अपने बच्चे का स्वागत किया था. इलियाना डिक्रूज ने अनुसार खुद के लिए अब उनके पास टाइम नहीं मिल पाता है. वह खुद पर ध्यान नहीं दे पाती हैं. कभी-कभी वह अपने बालों में कंघी भी नहीं कर पाती हैं वह ज्यादातर बन बनाकर रहती हैं ताकि उनके बच्चे की नन्हीं उंगलियां उनकी बालों में ना उलझे. उन्होंने लिखा -'हायज्तब से मैंने अपनी कोई तस्वीर ली है या यहां कुछ पोस्ट किया है, काफी समय हो गया हैज्एक मां होने और घर संभालने के बीच. मुझे खुद के लिए अब समय नहीं मिल पाता है. मैं ज्यादातर पीजे में रहती हूं और अपने बालों को अपने मंकिन के नाजूक हाथों से दूर रखने के लिए एक गंदी बदसूरत मॉम बन बनाती हूं और इसलिए सेल्फी के लिए पाउट करने का आइडिया वकाई में मेरे दिमाग में नहीं आता है.' उन्होंने आगे कहा, सच्चाई यह है कि कुछ दिन वाकई में बेहद कठिन रहे हैं. नींद पूरी नहीं हो पाती थी. मैं शिकायत नहीं करने के कोई कोशिश नहीं कर रही हूं क्योंकि यह मेरा प्यारा बच्चा हैं जो मेरे लिए सबसे खूबसूरत चीज है. लेकिन हम पोस्टपर्टम डिप्रेशन के बारे में खुल कर बात नहीं करते हैं. जो सच है और यह एक तरीके से पूरी तरह अलग-थलग कर देने वाला एहसास है. इसके बाद इलियाना ने बताया कि वह कैसे अपने लिए समय निकाल रही हैं और वर्कआउट और शारीरिक फिटनेस का ध्यान रख रही हैं. उन्होंने लिखा- मैं खुद को बेहतर महसूस कराने के लिए हर दिन कुछ समय निकालने की कोशिश कर रही हूं. 30 मिनट की एक्सरसाइज और उसके बाद 5 मिनट की शॉवर लेती हूं जो मेरे लिए अद्भुत काम करती है. लेकिन कभी-कभी मैं रूटिन के हिसाब से नहीं कर पाती हूं. लेकिन मैं अब अपने आप को टाइम दे रही हूं और फिर से वापसी आने के लिए खुद को तैयार कर रही हूं. इलियाना ने बताया कि उनके साथ बहुत सारी आश्चर्यजनक चीजें घटी हैं जो उनके लिए बेहद शानदार इमोशनल जर्नी हैं. उन्होंने खुद को उन मांओं से बिल्कुल अलग बताया कि प्रेग्नेंसी के थोड़े दिन बाद अपनी बॉडी शेप में आ जाती हैं. लेकिन इलियाना का कहा है कि वह अपने शरीर से बेहद प्यार करती हैं और इस लिए खुद को धीरे-धीरे मजबूत और स्वस्थ बना रही हैं ताकि वह वापस आ सकें.

## देवोलीना भट्टाचार्य के दोस्त की अमेरिका में हत्या एक्ट्रेस ने पीएम मोदी से की मदद की अपील



नई दिल्ली । देवोलीना भट्टचार्या के लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट ने सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने बताया कि उनके दोस्त अमरनाथ घोष की अमेरिका में मंगलवार की शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गई। देवोलीना ने लंबा चौड़ा पोस्ट लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को टैग कर मदद मांगी है। उन्होंने दोस्त के शव को अमेरिका से वापस लाने की अपील की। एक्ट्रेस ने बताया कि वह अकेला था और उसके पैरेंट्स की पहले ही मौत हो चुकी है।

**दोस्त की हत्या के बाद मांगी मदद** देवोलीना ने अपने ट्वीट में लिखा, 'मंगलवार की शाम को अमेरिका के सेंट लुइस एकेडमी के पास में गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिवार में वह इकलौता बच्चा था। उसकी मां की 3 साल पहले मौत हो चुकी है। बचपन में पिता का निधन हो गया था। आरोपी के बारे में सारी बातें अभी तक सामने नहीं आई हैं या शायद उसके कुछ दोस्तों के अलावा उसके परिवार में इसके लिए लड़ने वाला कोई नहीं बचा है। वह कोलकाता से था। बेहतरीन डांसर, पीएचडी कर रहा था, शाम को सैर कर रहा था और अचानक किसी अज्ञात ने उसे कई गोलियां मार दीं।'

**नहीं मिली ज्यादा जानकारी** देवोलीना आगे लिखती हैं, '@IndianEmbassyUS अगर आप कुछ कर सकते हैं तो कृपया इसे देखें। कम से कम हमें उसकी हत्या का कारण तो पता चलना चाहिए। @DrSJaishankar @narendramodi' एक यूजर के ट्वीट के जवाब में उन्होंने बताया कि वे लोग ज्यादा जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अभी तक कोई अपडेट नहीं मिला।

**हत्या के कई मामले आए सामने** हाल के समय में भारतीयों या भारतीय मूल के लोगों पर अमेरिका में हमले के कई मामले सामने आए हैं। कुछ समय पहले अमेरिका के न्यूपोर्ट शहर में एक भारतीय मूल के मोटल मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके अलावा 10 फरवरी को वाशिंगटन में एक रेस्टोरेंट के बाहर हमले के बाद भारतीय मूल के आईटी एक्जीक्यूटिव की मौत हो गई। इससे पहले 25 वर्षीय भारतीय छात्र विवेक सैनी की जॉर्जिया राज्य के लिथोनिया शहर

# शादी की अफवाहों पर एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने तोड़ी चुप्पी

*__मुंबई__ । चर्चा है कि एक्ट्रेस तापसी पन्नू जल्द ही शादी करेंगी। तापसी पिछले 10 साल से बॉयफ्रेंड और मशहूर बैडमिंटन प्लेयर मैथियास बो के साथ रिलेशनशिप में हैं। अब ये कपल इस रिश्ते को अगले पड़ाव पर ले जाने वाला है और इनकी शादी की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। वहीं अब इन खबरों पर खुद एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ते हुए एक बड़ा बयान दिया है। तापसी ने मीडिया से कहा, 'मैंने अपनी निजी जिंदगी के बारे में कभी कोई सफाई नहीं दी है और भविष्य में भी कभी नहीं दूंगी।' हालांकि तापसी ने रिएक्ट तो किया है, लेकिन वह शादी करेंगी या नहीं, इस बारे में उन्होंने कोई साफ जानकारी नहीं दी है। हाल ही में एक रिपोर्ट में ये कहा गया था कि तापसी और माथियास मार्च में राजस्थान के उदयपुर में सिख और ईसाई दोनों रीति रिवाजों से शादी करेंगे, जहां केवल उनके परिवार और करीबी दोस्त मौजूद होंगे और किसी भी बॉलीवुड अभिनेता को शादी में आमंत्रित नहीं किया जाएगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो, तापसी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'वो लड़की है कहां' में नजर आएंगी।*



# मौसम परिवर्तन से केरल में हरी इलायची के उत्पादन की चिंता



**इंदौर।** हरी इलायची का उत्पादन सीजन के अंतिम चरण में पहुंच गया है। केरल के इडुक्की में हरी इलायची किसानों को बढ़ते तापमान के कारण संकट का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 30 फीसद क्षेत्र सूखे से प्रभावित हुआ है, जिससे किसानों को अपने पौधों की सुरक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। छाया प्रदान करने के लिए हरे जाल लगाए गए हैं, लेकिन लगभग 30 प्रतिशत तक पेड़ जलने लगे हैं। इसे ध्यान मे रखते हुए हरी इलायची की क्वालिटी पर असर पड़ सकता है लेकिन अभी यह कहना भी जल्दबाजी होगा। 10-15 दिन में हरी इलायची की फसल की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी देश के कुल इलायची उत्पादन में केरल का 58.64 फीसद यानी आधे से अधिक हिस्सेदारी है। इधर, गर्मी सीजन को ध्यान में रखते हुए हरी इलायची की डिमांड आगे बढ़ने की संभावना है, जिसके चलते स्टाकिस्ट सक्रिय हो गए है। रमजान की मांग, खाड़ी देशों में ग्वाटेमाला से प्रतिस्पर्धा में सफल होने की आशा से इस साल हरी इलायची का निर्यात भी बढ़न की संभावना है। हरी इलायची 1850-1950, मीडियम बोल्ड 2050 से 2150, बोल्ड 2250-2400, बेस्ट ए बोल्ड 2450-2650 और सफेद तिल्ली 178-195 बेस्ट 200-220 रुपये प्रति किलो चल रहे है। शकर कोटा खपत से अधिक होने के कारण मिलें कम दामों पर टेंडर जारी कर सकती है जिससे शकर की कीमतों में फिलहाल तेजी नजर नहीं आ रही है। शकर नीचे मं 3725 तथा ऊपर में 3780 रुपये प्रति क्विंटल तक बोली गई। शकर की आवक सात गाड़ी की रही। नारियल, खोपरा गोला और बूरे में कारोबार सामान्य रहा। भाव में कोई खास परिवर्तन नही रहा। नारियल की आवक दो गाड़ी की रही।

**शकर-गुड़ के दाम** - शकर 3725-3780, एम-शकर 3790-3820, गुड करेली कटोरा 3700-3800, लड्डू 3900-4000, गिलास एक किलो 4600-4800, भैली 3500-3600 रुपये क्विंटल। नारियल - नारियल 120 भरती 1400-1450, 160 भरती 1450-1500, 200 भरती 1550-1600, 250 भरती 1650-1700 रुपये प्रति बोरी और खोपरा गोला बक्सा 115-125, कट्टे 105-106 रुपये प्रति किलो और खोपरा बूरा 2400-4450 प्रति 15 किलो।

**फलाहारी** - सच्चामोती एगमार्क साबूदाना (1 किलो) 7420, सच्चासाबू एगमार्क (500 ग्राम) 7520, सच्चासाबू एगमार्क फूलदाना (नायलान) (500 ग्राम) 8240, सच्चासाबू एगमार्क चीनीदाना (500 ग्राम) 7940, गोपाल साबूदाना लूज (25 किलो) 6910,अल्पहार/ कुकरीजाकी भगर मोरधन (500 ग्राम) 9940 प्रति क्विंटल। रायल रतन साबूदाना (1 किलो) 7300, रायलरतन (500 ग्राम) 7360 व रायलरतन लूज 6800, रायल सच्चामोती पोहा एक किलो 5450 व 35 किलो पैकिंग में 4800, रायलरतन मोरधन (आधा किलो) 10500 रुपये।

**पूजन सामग्री** - देशी कपूर 550 से 750, ब्रांडेड कपूर 750 से 800, पूजा बादाम 110 से 125, बेस्ट 175 से 190, पूजा सुपारी 475, अरीठा 130, सिंदूर (25 किलो) 7400 रुपये।

**मसालों के दाम** - हल्दी निजामाबाद 1750 से 200, हल्दी लालगाय 260-265 कालीमिर्च गारबल 585 से 590 एटम 600 से 610, मटरदाना 660 से 670, जीरा ऊंझा 340 से 350, मीडियम 380 से 390 बेस्ट 410 से 425 सौंफ मोटी 95 से 125, मीडियम 175 से 225, बेस्ट 355 से 375, बारीक 350-400 , लौंग मीडियम 850 से 900, बेस्ट 950-965 सौंठ 295 से 325 बेस्ट 375 से 400, दालचीनी 245-255, जायफल 580-650, बेस्ट 700 जावत्री 1900-1950, बड़ी इलायची 1350 से 1400 बेस्ट 1450 से 1560, पत्थरफूल 351 से 375, बेस्ट 475, बाद्यान फूल 550 से 575, बेस्ट 750-775 शाहजीरा खर 350 से 360, ग्रीन 600-611, तेजपान 91-101, नागकेसर 750 से 775, धोली मूसली 2100 से 2250, सिंघाड़ा छोटा 90-105 बड़ा 115 हींग वनदेवी दाना751- 3450, पाउच में 10 ग्राम 3530, 121- 50 ग्राम 3250, पाउच में 10 ग्राम 3330, 111-50 ग्राम 3050, पाउच में 10 ग्राम 3130, पावडर 875-925 , हरी इलायची 1850-1950 मीडियम बोल्ड 2050 से 2150 बोल्ड 2250-2400 बेस्ट ए बोल्ड 2450-2650 और सफेद तिल्ली 178-195 बेस्ट 200-220 रुपये।

**सूखे मेवों के दाम** - काजू डब्ल्यू 240 नंबर 760-800, काजू डब्ल्यू 320 नंबर 680 से 700, काजू डब्ल्यू 300 नंबर 670-680, काजू जेएच 590-600 टुकड़ी 530-550, बादाम 550-570 बेस्ट 640-660 आस्ट्रेलियन बादाम बेस्ट 625-750 खसखस मीडियम 650-725 बेस्ट 1125-1225 तरबूज मगज 750-760 खारक 115-135 मीडियम 145 से 175 बेस्ट 225 से 250 ए. बेस्ट 301 किशमिश कंधारी 420 से 470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140 से 150 बेस्ट 170 से 190 , चारोली 1485 से 1550, बेस्ट 1600 मुनक्का 450 से 550 बेस्ट 650 से 900, अंजीर 750 से 900 बेस्ट 1150 से 1450 मखाना 650 से 785, मीडियम 825 से 875 बेस्ट 900-925, केसर ब्रांडेड 188 से 190 अन्य 145-150 पिस्ता 1300-1450 ईरानी 1500-1600, नमकीन पिस्ता 850-1000 अखरोट 450 से 500, बेस्ट 550 से 650, अखरोट गिरी 700 से 1050 जर्दालू 250 से 350, बेस्ट 450 से 550 गोंद नाइजीरिया 180-250, गोंद धावड़ा 400-700 रुपये।

# आरटीजीएस में सोना सर्वोच्च स्तर पर, 65225 रुपये बिका



**इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय बुलियन वायदा मार्केट में सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार को देर रात निवेशकों और सटोरियों की जोरदार लेवाली की वजह से सोना और चांदी वायदा उछलकर बंद हुए। कामेक्स पर सोना 34 डालर उछलकर 2082 डालर प्रति औंस और चांदी 33 सेंट बढ़कर 23 डालर के पार 23.11 डालर प्रति औंस पर पहुंच गई। इससे शनिवार को भारतीय बाजारों में सोना आल टाइम हाई पर पहुंच गया।आरटीजीएस में तो सोना अभी तक के नए रिकार्ड दाम 65225 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। नकद में सोना कैडबरी 465 रुपये बढ़कर 63785 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। वहीं चांदी चौरसा 650 रुपये बढ़कर 72000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। ज्वेलर्स का मानना है कि इंदौर मार्केट में आरटीजीएस में सोना पहली बार 65 हजार के पार पहुंचा है। इधर, ऊंचे दामों पर बाजार में ग्राहकी कुछ सुस्त देखी गई। हालांकि जिन घरों में शादियां है उनकी डिमांड भी आवश्यकता पूर्ति देखने को मिली है। सोना कैडबरी रवा नकद में 64250 रुपये, सोना (आरटीजीएस) 65225 रुपये तथा सोना (91.60 कैरेट) 59750 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। शुक्रवार को सोना 63785 रुपये पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी चौरसा 72000 रुपये, चांदी टंच 72300 रुपये तथा चांदी चौरसा (आरटीजीएस) 72400 रुपये प्रति किलो बोली गई। शुक्रवार को चांदी 71350 रुपये पर बंद हुई थी।

# चने का उत्पादन बीते साल से कम, कीमतों में तेजी

*इंदौर। चने का उत्पादन पिछले साल से एक लाख टन कम होने की संभावना है। चालू सीजन में सरकार ने 121.61 लाख टन चना उत्पादन का अनुमान लगाया है, जबकि पिछले वर्ष 122.67 लाख टन था। 2021-22 में उत्पादन 135.4 लाख टन दिया गया, पिछले दो सीजन में बड़ी मात्रा में एजेंसी द्वारा चना खरीद की गई जिसे सालभर बेचा गया। नाफेड के पास अब 10 लाख टन से कम स्टाक होने का अनुमान है। इस बार ऊंची कीमतों पर टेंडर पास होने से इंदौर मार्केट में भी चने की कीमतों में पुन~ तेजी देखने को मिली है। शनिवार को इंदौर में चना कांटा 100 रुपये बढ़कर 6000-6050 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। मंडियों में भाव एमएसपी के आसपास पहुंच गए है। नए माल की आवक जल्द ही शुरू होने की संभावना है। सरकार का पूरा प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक मात्रा में चना ख़रीदा जाये ताकि भविष्य में भारत दाल के माध्यम से कीमतों को नियंत्रित रखा जाए। उत्पादन आकड़ें देखें तो चना की उपलब्धता खपत से अधिक रहेगी। देखना होगा कि चना उत्पादन कितना होता है। मौसम ने अचानक करवट बदल ली है। प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई। इससे फसलों को नुकसान होने की आशंका है। इधर, तुवर की आवक मांग की तुलना में कम होने से भाव में जोरदार तेजी रही। तुवर में करीब 200 रुपये की बढ़त देखने को मिली है। तुवर महाराष्ट्र सफेद 10200-10300, कर्नाटक 10300-10500, निमाड़ी तुवर 8700-9700 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। इसके समर्थन में तुवर दाल में भी लेवाली अच्छी रहने से 100 रुपये की तेजी रही। मूंग में कारोबार सुस्त होने और हलके मालों की आवक बढ़ जाने से भाव में गिरावट रही। मूंग घटकर 8800-9000, बारिश का मूंग नया 9200-10000, एवरेज 7000-8000 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। वहीं काबुली चने में निर्यातकों के साथ ही घरेलू मांग का दबाव छुटपुट रूप से रहने के कारण भाव में तेजी रही। काबुली चना 100 रुपये ऊंचा बालो गया। कंटेनर में डॉलर चना नया 40 /42 12200, 42 /44 12000, 44 /46 11800, 58 /60 10200, 60 /62 10100, 62 /64 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर रह गया।*

# सोया तेल में मजबूती, डी आइल राइस ब्रान के निर्यात प्रतिबंध को हटाने की मांग



**इंदौर।** सोयाबीन में घटे दामों में साल्वेंट प्लांटों की लेवाली जोरदार रहने से पिछले एक सप्ताह से सोयाबीन के दामों में मजबूती बनी हुई है। इसके बाद मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं राजस्थान की मंडियों में भाव 4650-4750 रुपये प्रति क्विंटल के बीच व्यापार हो रहा है। हालांकि सोया तेल मुनाफावसूली बिकवाली से जो इंदौर, इटारसी, नागपुर लाइन में सोया तेल के दाम 925-930 रुपये थे, वो बढ़कर 945 रुपये प्रति दस किलो पर पहुंच गए हैं। अब वर्तमान भाव पर कुछ साल्वेंट प्लांट वाले लेवाली में आ गए हैं, इसे देखते हुए बाजार में यहां और तेज लग रही है। विदेशी तेल काडला सहित अन्य बंदरगाहों पर तेल के दाम काफी ऊंचे बोले जा रहे हैं। दूसरी ओर स्वदेशी वनस्पति तेल उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र के एक अग्रणी संगठन-सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन आफ इंडिया ने केंद्र सरकार से राइस ब्रान एक्सट्रैक्शन के 31 मार्च 2024 से आगे नहीं बढ़ाने का आग्रह किया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा पशु पालन मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में एसोसिएशन ने कहा है कि विदेश में डि ऑइल्ड राइस ब्रान के कुल उत्पादन के महज छह प्रतिशत का ही निर्यात होता है फिर भी सरकार ने इस पर पाबंदी लगा रखी है। इससे भारतीय प्रोसेसर्स एवं निर्यातकों के साथ-साथ धान उत्पादक किसानों का हित भी प्रभावित हो रहा है। उन्हें अपने उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। राइस ब्रान के निर्यात से उद्योग को फायदा हो रहा था और इसके स्टाक निस्तारण में मदद मिल रही थी। सरकार ने पहले 28 जुलाई 2023 को एक अधिसूचना जारी करके 30 नवम्बर 2023 तक के लिए इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। फिर 8 दिसम्बर को जारी एक आधिसूचना में प्रतिबंध की अवधि को 31 मार्च 2024 तक बढ़ाने की घोषणा कर दी। एसोसिएशन ने डी ऑइल राइस ब्रान के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग की है। मंडी सोयाबीन 4400 से 4600, सरसों निमाड़ी 5900-6000, रायडा 4100-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

**लूज तेल के दाम** - (प्रति दस किलो के भाव) मूंगफली तेल इंदौर 1500-1520, मुंबई मूंगफली तेल 1520, इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 945, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 900, इंदौर पाम 948, मुंबई सोया रिफाइंड 930, सोया डीगम 875, मुंबई पाम तेल 880, राजकोट तेलिया 2400, गुजरात लूज 1500, कपास्या तेल इंदौर 900-905 रुपये।

**सोयाबीन प्लांट खरीदी भाव** - एमएस साल्वेक्स 4640, प्रेस्टीज देवास 4540, सिंहल रतलाम 4635, दिव्य ज्योति पचोर 4550, पीथमपुर 4550, सूर्या फूड 4620, प्रकाश पीथमपुर 45555, धीरेंद्र सोया 4630, धानुका नीमच 4625, खंडवा आइल 4550 रुपये।



# रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड को एक बार फिर पहला पायदान
# न्यूजीलैंड की हार से भारत को बंपर फायदा



**नई दिल्ली।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की पॉइंट्स टेबल में एक बार फिर भारत के सिर नंबर-1 का ताज सज गया है। रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड को एक बार फिर पहला पायदान न्यूजीलैंड की हार के चलते मिला। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच वेलिंगटन में दो मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला गया था, इस मैच में मेजबान टीम को 172 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मैच गंवाने के साथ न्यूजीलैंड की टीम ने डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 की पोजिशन भी गंवा दी है। कीवी टीम इस हार के बाद दूसरे पायदान पर खिसक गई है, वहीं भारत टॉप पर पहुंच गया है। वेलिंगटन टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया 75 प्रतिशत अंकों के साथ WTC पॉइंट्स टेबल में पहले पायदान पर बना हुआ था, वहीं भारत 64.58 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे पायदान पर था। न्यूजीलैंड के खाते में इस हार के बाद 60 प्रतिशत अंक ही रह गए हैं, ऐसे में भारत ने नंबर-1 की पोजिशन हासिल कर ली है। वहीं ऑस्ट्रेलिया इस जीत के बाद 59.09 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे पायदान पर बना हुआ है। भारत की परफॉर्मेंस इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में काफी शानदार रही है। टीम इंडिया 5 मैच की इस सीरीज में पहला मुकाबला गंवाने के बावजूद 3-1 की अजेय बढ़त बना चुकी है। हैदराबाद टेस्ट को जीतकर इंग्लिश टीम ने सीरीज का आगाज जोरदार अंदाज में किया था, हालांकि इसके बाद वह अपनी परफॉर्मेंस को अगले मैचों में दोहरा नहीं पाए। भारत ने इसके बाद विशाखापट्टनम, राजकोट और रांची में बेन स्टोक्स की टीम को बुरी तरह रौंदकर सीरीज अपने नाम की। सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है। अगर टीम इंडिया यह मैच जीतती है तो वह डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 के पायदान पर बनी रहेगी, वहीं इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में उनकी हार डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल उन्हें नुकसान पहुंचा सकती है।

कैसा रहा न्यूजीलैंड वर्सेस ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्ट?

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कैमरोन ग्रीन (174*) के नाबाद शतक के दम पर पहली पारी में 383 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस दौरान उन्होंने 10वें विकेट के लिए जोश हेजलवुड के साथ 116 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी भी की थी। ऑस्ट्रेलिया के इस स्कोर के आगे न्यूजीलैंड पहली पारी में मात्र 179 रनों पर सिमट गया। ऐसे में कंगारुओं को 204 रनों की अच्छी बढ़त मिल गई थी। हालांकि न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में जोरदार वापसी कर मेहमानों को 164 के स्कोर पर समेट दिया था। ग्लेन फिलिप्स कीवी टीम के हीरो रहे थे जिन्होंने करियर का पहला 5 विकेट हॉल चटकाया। न्यूजीलैंड को वेलिंगटन टेस्ट जीतने के लिए 369 रनों का लक्ष्य मिला था, मगर कीवी बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पूरी टीम 196 रनों पर ढेर हो गई। इस दौरान नाथन लायन ने सर्वाधिक 6 विकेट चटकाए।

# कोविड-19 वैक्सीन के कारण बढ़ गया है हार्ट अटैक का खतरा?
## स्वास्थ्य मंत्री ने दी स्पष्ट जानकारी

कोविड-19 का खतरा पिछले चार साल से अधिक समय से देखा जा रहा है। कोरोनावायरस से संक्रमण की स्थिति में न सिर्फ गंभीर रोगों के विकसित होने का खतरा देखा जाता रहा है साथ ही संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों में लॉन्ग कोविड के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं भी बड़ी चिंता का कारण रही हैं। महामारी के बाद के कई अध्ययनों में कहा जाता रहा है कि कोविड-19 का शिकार रहे लोगों में हृदय रोगों और इसके गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है। कुछ रिपोर्ट्स में कोविड वैक्सीन्स को भी हृदय रोगों को बढ़ाने वाला बताया गया था, जिसपर आईसीएमआर ने आज स्पष्ट जानकारी साझा की है। केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री मनसुख मंडाविया ने उन सभी रिपोर्ट्स को सिरे से खारिज किया है जिनमें वैक्सीनेशन के कारण हृदय रोगों के खतरे को लेकर आशंका जताई जाती रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने विस्तृत अध्ययन किया है जिससे पता चलता है कि कोविड-19 वैक्सीन से हार्ट अटैक का कोई संबंध नहीं है। वैक्सीन न तो हृदय रोगों के खतरे को बढ़ाती है न ही ये दिल के दौरे का कारण बनती है। इस तरह की बातों पर विश्वास न करें।

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य मंत्री?**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, दुनियाभर में हार्ट अटैक के बढ़े मामले चिंताजनक हैं। डॉक्टर्स कहते हैं, व्यक्ति की गड़बड़ जीवनशैली और शराब-धूम्रपान जैसी आदतें इस खतरे का कारक हो सकती हैं। वैक्सीन से हार्ट अटैक का जोखिम होता है, इसके कोई प्रमाण नहीं हैं। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोविड-19 टीकों के बारे में गलत धारणाएं पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर आज किसी को स्ट्रोक होता है, तो कुछ लोग सोचते हैं कि यह कोविड-19 वैक्सीन के कारण है। आईसीएमआर ने इस पर एक विस्तृत अध्ययन किया है, जिसमें पाया गया है कि वैक्सीन का किसी भी प्रकार से हृदय स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर नहीं देखा गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, दिल का दौरा पड़ने के कई कारण होते हैं जिसमें खराब जीवनशैली, तंबाकू और अधिक शराब का अधिक सेवन प्रमुख रहा है। कई बार लोगों के बीच गलत जानकारी चली जाती है और कुछ समय के लिए एक धारणा बन जाती है, हालांकि उसके वैज्ञानिक प्रमाणों और साक्ष्यों को जानना जरूरी है। पिछले साल नवंबर में सामने आए पीर-रिव्यूड आईसीएमआर अध्ययन में पाया गया है कि वैक्सीनेशन करा चुके लोगों में हार्ट अटैक का खतरा नहीं बढ़ा है।

# पन्ना के अजयगढ़ पड़रहा जल संसाधन विभाग घटिया सामग्री से बना रहा नहर

### नाबालिक बच्चों से करवाया जा रहा है शासकीय कार्य



**अजयगढ़,** पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रहा मैं बन रही तालाब कि नहर में जमकर हो रहा है भ्रष्टाचार घटिया सामग्री का किया जा रहा है उपयोग तय मानक से अधिक मात्रा में डाली जा रही है गिट्टी और रेत घटिया रेत का किया जा रहा है उपयोग नहर बनाते ही कई जगह से टूट गई है और कई जगह दरारें भी पड़ गई हैं गांव के किसान लगातार कर रहे हैं विरोध लेकिन ठेकेदार मनमानी पर है उतारू जल संसाधन विभाग से बन रही नहर में ठेकेदार के द्वारा नाबालिक बच्चों से करवाया जा रहा है शासकीय कार्य जिनकी उम्र 14 ,15, 16, 17 साल है ठेकेदार शासकीय नियम को रख रहा है ताक पर ग्राम निमहा में एवं ग्रामीणों ने बताया है कि हम लोगों ने 181 में भी शिकायत की है लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है किसानों ने मीडिया के समक्ष बताया है कि अगर हम लोगों की नहीं सुनी गई तो हम लोग कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेंगे जो नहर बनी हुई है उसकी तलाई भी नहीं होती है इस वजह से सीमेंट और रेत भी झरने लगा है किसानों ने मांग की है कि अच्छा मटेरियल लगाया जाए एवं उच्च क्वालिटी की बनाई जाए.पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रहा मैं बन रही तालाब कि नहर में जमकर हो रहा है भ्रष्टाचार घटिया सामग्री का किया जा रहा है उपयोग तय मानक से अधिक मात्रा में डाली जा रही है गिट्टी और रेत घटिया रेत का किया जा रहा है उपयोग नहर बनाते ही कई जगह से टूट गई है और कई जगह दरारें भी पड़ गई हैं गांव के किसान लगातार कर रहे हैं विरोध लेकिन ठेकेदार मनमानी पर है उतारू जल संसाधन विभाग से बन रही नहर में ठेकेदार के द्वारा नाबालिक बच्चों से करवाया जा रहा है शासकीय कार्य जिनकी उम्र 14 ,15, 16, 17 साल है ठेकेदार शासकीय नियम को रख रहा है ताक पर ग्राम निमहा में एवं ग्रामीणों ने बताया है कि हम लोगों ने 181 में भी शिकायत की है लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है किसानों ने मीडिया के समक्ष बताया है कि अगर हम लोगों की नहीं सुनी गई तो हम लोग कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेंगे जो नहर बनी हुई है उसकी तलाई भी नहीं होती है इस वजह से सीमेंट और रेत भी झरने लगा है किसानों ने मांग की है कि अच्छा मटेरियल लगाया जाए एवं उच्च क्वालिटी की बनाई जाए.

### जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने तहसीलदार से परवरियो को हल्के पर रह कर सर्वे करने को कहा

# खरगोन में किसानों ने सही सर्वे नही करने का लगाया आरोप दिया मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन



**पियूष अग्रवाल। सिटी चीफ** खरगोन, बेमौसम बारीश एवं ओला-वृष्टि से किसानो की रबि की फसलो का भारी नुकसान हो गया है जिसका सर्वे करवाया जाकर उचित मुआवजा दिलवाया जाने को लेकर किसानों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम झिरन्या तहसीलदार प्रताप सिंह अजनार को ज्ञापन सोपा और कहा की। बैनोसम बारीश एवं ओला वृष्टि ऑधि तुफान से किसानो की रबि की फसल, गेहूं, चना, मक्का आदि खेत में कटी एवं खड़ी फसल पुरी तरह से खराब हो गई है. जिससे किसान पिडीत एवं चिन्ताग्रस्त है, तथा पिछली खरीब की फसल सोयाबीन, मक्का, ज्वार, मिर्ची कपास भी ज्यादा बारीश होने से फसल खराब हो गई थी, जिसका ना तो सर्वे किया गया एवं नाही उचित मुआवजा दिया गया । किसान पहले से आर्थिक संकट की स्थिती झेल रहा था एवं वर्तमान में कर्ज लेकर रवि की फसल बोई गई थी, जो पूर्णतह नष्ट हो गयी है । तथा किसानों की आजिविका कृषि पर ही निर्भर है, किसानों का आरोप हे की शासन प्रशासन की तरफ कोई भी उचित सर्वे या उचित मुआवजा दिलवाया जाने का प्रयास नहीं किया गया है, एवं वर्तमान में भी फसल का सर्वे समय पर नही किया जा रहा है जिससे किसान मुजावजा से वंचित रह जायेगे जिससे उनके सामने खडा आर्थिक संकट बैंक, कर्ज ,निजी कर्ज व भरषण पोषण व अजिविका चलाने में असमर्थ रहेगे, जिससे किसान अत्महत्या करने को मजबुर हो जाता है। यदि किसानो की फसलो की क्षति का मुआवजा नही दिया जाता है तो किसान द्वारा अन्दोलन करने की चेतावनी दी गई हे आरोप हे की खरगोन जिले के किसानो को फसल मुआवजा से वंचित रखा जाता है। किसानो की फसलो का सर्वे कर मुआवजा दिलवाया जाने के साथ बैंक के कर्ज में राहत दि जाने की किसानों ने मांग की हे।

झिरन्या क्षेत्र में विगत सोमवार रात एवं मंगलवार को हुई अति व्यष्टि एवं ओलावृष्टि आंधी तूफान बिजली से किसानों एवं गरीब वर्ग का काफी नुकसान हुआ है जिसमें बिजली गिरने से किसी का घर जल गया तो किसी के पशुओं की हानि हो गई। अति महत्वपूर्ण जानकारी के लिए जब इस संबंध में झिरन्या तहसीलदार प्रताप सिंह अजनार से बात करना चाहिए तो मंगलवार दोपहर बाद से बुधवार तक श्याम तक 2 दिन से बात करने से बचते नजर आए जब भी किसी महत्वपूर्ण बात के लिए झिरन्या तहसीलदार से चर्चा करनी चाही तो अधिकतर अपनी अकड़ में फोन पर बात करने में लापरवाही करते नजर आते हे। तथा कई पटवारी कलेक्टर के निर्देश के बाद भी तहसील मुख्यालय पर न रहते हुए अन्य स्थानों से आना जाना करते हे। जिसकी मौखिक शिकायत जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जिंदर सिंह बदोले ने तहसीलदार से की शायद इसी लिए किसानों द्वारा उचित सर्वे नही होने का आरोप लगाया गया है। झिरन्या तहसीलदार प्रताप सिंह अजनार- डायरेक्ट बात करो आप एसडीएम साहब से आपको किसी को कोई काम हो तो आप ऑफिस आओ मैं ऑफिस में 10=30 से 6/7 बजे तक मिलता हु। में किसी को भी कॉल बैक नही करता और ना ही मोबाइल पर बात करता हूं। खरगोन कलेक्टर कर्मवीर शर्माखरगोन- हमारी टीम सर्वे में लगी हुई है ।मुझे नहीं पता है कि कितने पटवारी रहते हैं कितने नहीं यह सही है कि पटवारी को हल्के पर निवास करने के निर्देश हैं हल्के पर नहीं रहते तो कम से कम तहसील मुख्यालय पर तो रहना जरूरी है भीकनगांव एसडीएम बी एस कलेश- बारिश के अगले दिन से ही राजस्व ,ग्रामीण विकास विभाग, एग्रीकल्चर की टीम भ्रमण कर रही है फसल का सर्वे का काम चल रहा है जिन मकानो को क्षति पहुंची हुई है उसका आरबीसी 6/4 के अंतर्गत प्रकरण तैयार हो चुके हैं पशुधन की छती का भी प्रकरण बन चुका है।

# अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का मैहर में हुआ गठन

### अधिवक्ता राजेश गौतम के नाम पर हुई प्रथम जिला अध्यक्ष की घोषणा



**श्रीनिवास मिश्रा। सिटी चीफ** मैहर, राष्टीय स्वयंसेवक संघ की इकाई से जुड़े हुए संगठन अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत की बैठक शुक्रवार को नवीन जिला मैहर में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता माननीय हर्ष तिवारी जी के मुख्य अतिथि में आयोजित की गई। जंहा वर्चुअल माध्यम से अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता माननीय रमेश पटेल ने मैहर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राजेश गौतम के नाम पर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष के पद के रूप में की घोषणा की।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष श्री हर्ष तिवारी ने अधिवक्ताओं को स्टडी सर्किल एवं न्याय केंद्र के बारे में जानकारी प्रदान की ।बैठक में प्रमुख रूप से सतना जिला के अध्यक्ष अखिलेश अवधिया,सतना जिला के महामंत्री अधिवक्ता आलोक अग्निहोत्री, अधिवक्ता संघ मैहर के अध्यक्ष दिलीप त्रिपाठी,विधि प्रकोष्ठ मैहर के अध्यक्ष अधिवक्ता राजेश श्रीवास्तव,अधिवक्ता अनिल गौतम मैहर मुकेश शुक्ला जी, विजय नारायण त्रिपाठी, विधि प्रकोष्ठ विधानसभा के प्रभारी रमाकांत दुबे,ओमप्रकाश तिवारी,अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष अखिल मिश्रा,अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय अध्यक्ष महेंद्र तिवारी,प्रिंस तिवारी,विवेक दुबे,आई ये अंसारी, कैलाश तिवारी ,विश्व ज्योति त्रिपाठी, अनुराग तिवारी, जितेंद्र पांडे रजनीश चौरीहा सी पी विश्वकर्मा, संतोष श्रीवास्तव,अरुण चतुर्वेदी,प्रदीप तिवारी,सहित काफी संघ संख्या में अधिवक्ता परिषद के अधिवक्ता साथी उपस्थित रहे।

### जिले में एडल्ट बीसीजी टीकाकरण अभियान का 7 मार्च से होगा आयोजन

# एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन से संबंधित प्रेस वार्ता संपन्न




**धीरज कुमार अहीरवाल। सिटी चीफ** दमोह, राष्टीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन कार्यक्रम हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बैक की अध्यक्षता में जिला क्षय केंद्र के मीटिंग हॉल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान जिला जनसंपर्क अधिकारी वाय. ए. कुरैशी., सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश नामदेव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर रेक्शन एल्बर्ट, आरएमओ, डॉक्टर विशाल शुक्ला एवं जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर गौरव जैन सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सीएमएचओ डॉ. जेम्स बैक ने बताया कि मंगलवार, शुक्रवार एवं अवकाश के दिनों को छोड़कर सभी स्वास्थ्य संस्थाओ में सेशन आयोजित कर वयस्क बीसीजी टीकाकरण किया जायेगा, इस दौरान सभी प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओ से एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान के प्रति जन जागरूकता बढाने के उद्देश्य से सहयोग हेतु आग्रह किया गया।

07 मार्च से प्रारंभ होने वाले एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन के बारे में जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर गौरव जैन के द्वारा बताया गया कि दमोह जिले में एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन वाले लाभार्थियों का घर-घर सर्वे कंप्लीट हो चुका है। लाभार्थियों की लाइन लिस्टिंग कर टीबी विन पोर्टल में अपडेट की जा रही है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर रेक्शन अल्बर्ट ने एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि वयस्क बीसीजी टीकाकरण हेतु ऐसे हितग्राही जो 5 साल के टीबी मरीज, 3 वर्षों तक टीबी मरीज के संपर्क में आए व्यक्ति, जिन भी व्यक्तियों की बीएमआई 18 से कम है, स्वयं रिपोर्ट किए गए धूम्रपान वाले लोग, स्वयं रिपोर्ट किए गए डायबिटीज अथवा उक्त रक्तचाप वाले व्यक्ति एवं 60 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके सभी हितग्राही पात्र होगें। वहीं एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन हेतु अपात्र व्यक्ति जैसे 18 वर्ष से कम उम्र के, जो वैक्सीनेशन हेतु सहमति न दे, गंभीर रूप से बीमार, गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं, वर्तमान में जो टीबी का उपचार ले रहे है, एच.आई.वी., कैंसर, लीवर किडनी प्रत्यारोपण वाले मरीज को एडल्ट बीसीजी वैक्सीन नहीं लगाई जाएगी।

एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन हेतु आयोजित पत्रकार वार्ता में उपस्थित होने पर सभी पत्रकार बंधुओ का आभार व्यक्त किया गया। पत्रकार वार्ता में समस्त पत्रकारों के जिज्ञासु प्रश्नों के उत्तर उपस्थित मंचासीन अतिथियों ने दिए.

# हिमांद्री सिंह होगी शहडोल से भाजपा प्रत्याशी

## इस बार लोकसभा की आसान नहीं डगर....



**मुहम्मद मुनीर। सिटी चीफ** शहडोल, लगातार लग रहे कयासों के दौर और टिकट की दिल्ली दौड़ को भारतीय जनता पार्टी की जारी पहली सूची ने विराम दे दिया है बीते चुनाव में शहडोल लोकसभा क्षेत्र 85 से 2019 मे कांग्रेस से महज दो महीने पहले सदस्यता लेने वाली हिमांद्री सिंह को भाजपा की उम्मीदवारी मिली वहीं भाजपा से टिकट को लेकर नाराज प्रमिला सिंह कांग्रेस पार्टी के सिंबल से लड़ी लेकिन भाजपा को मिले वाक ओभर वोट में बंपर जीत मिली, कांग्रेस को हार।

हम आपको बता दें शहडोल संसदीय क्षेत्र बड़वारा, मानपुर, बांधवगढ़, जैतपुर, जयसिंहनगर, अनूपपुर, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ कुल आठ विधानसभा को मिलाकर बना है।

शहडोल (एसटी) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मध्य प्रदेश राज्य के 29 लोकसभा (संसदीय) निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है।यह एसटी श्रेणी की संसद सीट है। इसमें संपूर्ण अनुपपुर जिला शामिल है। कटनी जिले का हिस्सा और शहडोल जिले का हिस्सा और. संपूर्ण उमरिया जिला आता है बल्कि शहडोल का एक हिस्सा सीधी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है।

यहां लोकसभा क्षेत्र की साक्षरता दर लगभग 57.51त्न है ।

शहडोल (एसटी) संसद सीट पर एससी मतदाताओं की संख्या लगभग 1712640 है जिनमें 872872 पुरुष मतदाता तो वहीं 839738 महिला मतदाता के साथ साथ लगभग 30 थर्ड जेंडर मतदाताओं का आंकड़ा सामने है।

शहडोल (एसटी) संसद सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या लगभग 60 हजार है 2019 के संसदीय चुनाव के अनुसार शहडोल (एसटी) संसद सीट के कुल मतदाता- 1646230 रहें, 2019 के संसदीय चुनाव के अनुसार शहडोल (एसटी) संसद सीट के मतदान केंद्रों की संख्या - 2187 थी 2019 के संसदीय चुनाव में शहडोल (एसटी) संसदीय सीट पर बंपर मतदान 74.5त्न हुआ।

आइए समझते हैं राजनीतिक दलों की उतार चढ़ाव वाला इतिहास 2009 में जिस भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र मरावी को कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ी केंद्रीय मंत्री रहे दलवीर सिंह की पत्नी राजेश नंदनी ने 13415 वोट से हराया था आज वोही पराजित प्रत्याशी भाजपा की वर्तमान सांसद का राजेश नंदनी का दामाद हैं। दरअसल आंकड़े की बात करें तो 2009 में 263463 मतों को प्राप्त कर भाजपा प्रत्याशी को मिले 250019 ही वोट मिले इस कांटे की टक्कर में 13 हजार 415 वोट से भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा, 2014 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो यहां भारतीय जनता पार्टी ने दलपत सिंह परस्ते को मैदान में उतारा था जिन्हें चुनाव में 525419 प्राप्त कर कांग्रेस पार्टी की राजेश नंदनी को 241301 वोट से हराया था इसके बाद 2016 में सांसद दलपत सिंह परस्ते की अचानक बिगड़ी तबीयत के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था वहीं इलाज में लापरवाही हीलाहवाली के चक्कर में उनकी मौत हो गई थी और फिर शहडोल में उपचुनाव हुए इस बार भाजपा ने पुष्पराजगढ़ के ठीक विपरीत उमरिया से ज्ञान सिंह को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया था वहीं इस बार भी कांग्रेस ने राजेश नंदनी को मैदान में उतारा चुनाव नतीजे में कांग्रेस को 421015 मतो से संतोष करना पड़ा तो वहीं भाजपा 4 लाख 81 हजार 3 सौ 98 वोट मिले भाजपा ने 60 हजार 3सौ 83 वोट से कांग्रेस को हराया, इसी क्रम में बीता चुनाव 2019 में हिमांद्री सिंह ने पाला बदलकर कांग्रेस पार्टी से भाजपा में शामिल हो गई और वहीं भाजपा से ही टिकट की दौड़ में पिछड़ी आईएएस की पत्नी प्रमिला सिंह ने टिकट के चक्कर में कांग्रेस पार्टी से ताल ठोक दी चुनाव दिलचस्प था लेकिन जयचंदो के चक्कर में कांग्रेस पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ी प्रमिला सिंह को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा, पला बदलकर भाजपा में आई हिमांद्री सिंह को 747977 वोट हासिल हुए तो वहीं कांग्रेस को मात्र 344644 वोट से संतुष्टी करना पड़ा, कांग्रेस को करारी मिली हार के बाद से यहां कांग्रेस पार्टी सदमे से गुजर रही है कि कौन अपना कौन पराया वही वर्तमान समय में पूर्व लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ बोलने वाली भारतीय जनता पार्टी के एक बार फिर पलटी मार चुकी है जो सीएम दौरे के बाद से ही टिकट की लाबिंग में सबसे आगे दिखाई दे रही थी लेकिन पार्टी ने रत्ती भर तवज्जों नहीं दी।

हम आपको बता दें कि शहडोल संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने वाले लोगों से हीरा सिंह श्याम , मनोज सिंह आर्मो, प्रमिला सिंह, सबसे उपर था। लेकिन कयासों पर विराम लगाते हुए भाजपा ने हिमांद्री सिंह को एक बार फिर मौका दिया है। अब देखना यह है कि पूर्व में जनता से किए वादों पर कितना खरी रही सांसद घर घर दस्तक किस मुंह से देंगी। या इनके पास भी मोदी की गारंटी ही एक मात्र ब्रह्मास्त्र है।

# दमोह में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का हुआ आयोजन




## 35 की हुई जांच 12 बच्चों में निकली हृदय रोग की समस्या

***धीरज कुमार अहीरवाल।*** *सिटी चीफ दमोह, विश्व जन्मजात विकृति जागरूकता माह दौरान आज जिला अस्पताल परिसर में संचालित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र डीईआईसी बाल संजीवनी में नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जांच हेतु 35 बच्चे का पंजीयन कर जांच की गई, जांच में 12 बच्चों यथा गंगाबाई, आंजली, पुष्पा बंसल, नूर अहमद, चंदन अहिरवाल, अनवी लोधी, समीक्षा लोधी, श्रंयश ठाकुर, नितिन लोधी, रूरांश राय, के हार्ट में परेशानी होने से सर्जरी मुख्यमंत्री बाल हृदय उपयार योजना अथवा आयुष्मान कार्ड अंतर्गत नि:शुल्क की जायेगी। इसके अलावा अन्य रोग से पीड़ित व सामान्य मौसमी बीमारियों के 54 बच्चों की जांच कर आवश्यक दवाईयां दी गई। डॉ. जलज बजाज न बताया की आरबीएसके अंतर्गत 0-18 वर्ष के सभी वर्ग के बच्चे पात्रता की श्रेणी में आते है, जिनकी सम्पूर्ण जांच एवं सर्जरी नि:शुल्क करायी जाती है।*

# ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों से गलती से हुई व्यक्ति की नसबंदी, एक झटके में बदल डाली शख्स की ज़िंदगी



**नेशनल डेस्क-** अर्जेंटीना के एक अस्पताल में एक व्यक्ति के साथ कुछ ऐसा हुआ इस घटना ने उसकी सारी ज़िंदगी ही बदलकर रख दी है। हालांकि उसे इस बात का बिल्कुल भी अंदाज़ा न था। व्यक्ति अस्पताल में सर्जरी के लिए गया था, लेकिन जैसे ही वह सर्जरी के बाद बाहर आया तो उसकी पूरी दुनिया ही बदल चुकी थी। उसे लगा जैसे वह तबाह हो गया है। जानते हैं कि क्या है पूरा मामला-

**डॉक्टर की गलती पड़ी भारी-** 41 साल के जॉर्ज बेसटो गॉलब्लैडर की सर्जरी के लिए अर्जेंटीना के कॉर्डोबा में फ्लोरेंसियो डियाज़ प्रांतीय अस्पताल गए थे। 28 फरवरी को उनका ऑपरेशन होना था, लेकिन उन्होंने इसे बुधवार पर टाल दिया। इसी के चलते सारी गड़बड़ हुई। बिना जांच के किया ऑपरेशन- व्यक्ति ने बताया कि, जिस दिन उनकी सर्जरी होनी थी उस दिन बिना पूछे उसे स्ट्रेचर पर लिटाया और उसका चार्ट जांचे बिना ऑप्रेशन थियेटर में ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने उसके चार्ट की जांच नहीं की। हालांकि डॉक्टरों को जानकारी नहीं थी कि जॉर्ज का ऑपरेशन डे रिशिड्यूल किया गया है। आपरेशन के बाद जॉर्ज को यह नहीं पता था कि उनके साथ क्या हुआ था। तभी वहां एक डॉक्टर जांच के लिए आए, जिन्होंने उसका चार्ट देख जॉर्ज को एक हैरान करने वाली खबर दी। डॉक्टर ने बताया कि गॉलब्लैडर के ऑपरेशन के बजाय गलती से नसबंदी हो गई थी। यह बात सुनने के बाद शख्स के पैरों तले ज़मीन खिसक गई। लेकिन उसके पास इसके लिए ज्यादा समय नहीं था, क्योंकि अब उसे गॉलब्लैडर की सर्जरी के लिए ले जाया गया। डॉक्टर बोले ज्यादा ड्रामाटिक होने की जरूरत नहीं है... अपनी दूसरी सर्जरी के बाद, जॉर्ज बेसटो जानना चाहते थे कि गलती कैसे हुई और इसे कैसे ठीक किया जा सकता है। इस गलती के लिए डॉक्टर एक दूसरे को दोषी ठहराते रहे। डॉक्टरों ने जॉर्ज से कहा कि आपको ज़्यादा ड्रामाटिक होने की जरूरत नहीं है। अगर आप चाहें तो अभी भी ऑर्टिफीशियल इनसैमिनेशन के माध्यम से पिता बन सकते हैं। जहाँ तक पुरुष नसबंदी की बात है, उसकी उम्र और कटी हुई नलिकाओं के आकार के कारण, सफलता की संभावना बहुत कम थी, इसलिए इसे ठीक करने का प्रयास करने का भी कोई मतलब नहीं था।

जॉर्ज ने कहा %यह बहुत अजीब है क्योंकि मेरे चार्ट में हर जगह %गॉलब्लैडरर% लिखा था। उनका कहना है कि मैं किसी पर उंगली नहीं उठाना चाहता, लेकिन यहां कोई भी जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। वे यह कह रहे है कि तुम अभी भी ऑर्टिफीशियल इनसैमिनेशन के माध्यम से पिता बन सकते हो।% ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि जॉर्ज लापरवाही के लिए डॉक्टरों और अस्पताल पर मुकदमा कर सकते हैं।

## इमरान ने अचकजई को जरदारी के खिलाफ राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया



**इस्लामाबाद-** इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) ने शनिवार को पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के प्रमुख महमूद खान अचकजई को पीएमएल-एन और पीपीपी के संयुक्त उम्मीदवार आसिफ अली जरदारी के खिलाफ राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया। 'जियो न्यूज% की खबर के अनुसार, 75 वर्षीय अचकजई को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के खिलाफ इस पद के लिए उम्मीवार बनाया गया है।

जरदारी (68) केंद्र में सरकार बनाने के लिए तैयार गठबंधन में शामिल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और अन्य राजनीतिक दलों के संयुक्त उम्मीदवार हैं। पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख अचकजई ने बलूचिस्तान के किला अब्दुल्ला-सह-चमन में एनए-266 निर्वाचन क्षेत्र से नेशनल असेंबली सीट जीती है। 'द न्यूज इंटरनेशनल% की खबर के अनुसार, रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी पार्टी के सांसदों से अचकजई के लिए वोट करने का आग्रह किया है।

# दक्षिणी लेबनान में इजरायल ने किया हमला, हिजबुल्लाह के 7 सदस्यों की मौत



इंटरनेशनल डेस्क - दक्षिणी लेबनान में इजराइल ने शनिवार सुबह एक कार को निशाना बनाकर ड्रोन के जरिए हमला किया, जिसमें हिजबुल्लाह के तीन सदस्यों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया और अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लेबनान के एक सुरक्षा अधिकारी ने पहचान गुप्त रखे जाने की शर्त पर कहा कि रात भर रामिया शहर में एक घर पर हुए हमले में हिजबुल्लाह के चार अन्य सदस्य मारे गए।

सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने कहा कि शनिवार को हुए ताजा हमले में लेबनान के दक्षिणी तट के पास नकौरा इलाके में एक कार पर हमला किया गया। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में एक वाहन पर हमला किया है, जिसमें इजराइली क्षेत्र में रॉकेट हमले करने वाले आतंकवादी मौजूद थे। इजराइली सेना ने कहा कि यह आतंकवादी इमाम हुसैन डिवीजन के तहत काम करते हैं, जो ईरान से संबद्ध है और हिजबुल्लाह के तहत काम करता है। हिजबुल्लाह ने शनिवार को अपने सात लड़ाकों की मौत की घोषणा की, लेकिन हमेशा की तरह यह नहीं बताया कि वे कब और कहां मारे गए।

# चीन में सरकार विरोधी आवाज उठाने वाले बीमा एजेंट को यातनाएं देकर मारा गया, रिपोर्ट में पुष्टि



**बीजिंग:** चीन में शी जिनपिंग सरकार की खिलाफत करने वाले लोगों का दमन जग जाहिर है। ये और बात है कि कभी-कभी चीन में किसी जानकारी की पुष्टि करने में महीनों लग जाते हैं। नया मामला ज़िया झेंगलुन नामक एक बीमा एजेंट का है जिसे गुआनयुन काउंटी में जियांग्सू प्रांत में लियानयुंगंग प्रीफेक्चर स्तर के शहर के प्रशासन के तहत यातना देकर मार डाला गया। गुआनयुन काउंटी वह जगह है जहां ज़िया का जन्म 1961 में हुआ था। कथित तौर पर, उन्होंने सरकार के मीडिया से प्रभावित कई चीनी लोगों की फालुन गोंग के बारे में नकारात्मक राय साझा की। ज़िया की पहचान 2014 में पुलिस द्वारा एक फालुन गोंग अभ्यासी के रूप में की गई थी। तब उसके घर पर छापा मारा गया और आध्यात्मिक साहित्य जब्त कर लिया गया था। उनकी हिरासत पंद्रह दिनों तक चली। उन्हें 2015 में फिर से पंद्रह दिनों के लिए हिरासत में लिया गया था। उन्होंने कम प्रोफ़ाइल बनाए रखी और चुपचाप अपने फालुन गोंग का अभ्यास किया, जिसने उन्हें कई वर्षों तक जेल से बाहर रखा। उनके रिश्तेदारों के अनुसार, सेवानिवृत्ति के करीब आते-आते वह और अधिक सक्रिय हो गए और पुलिस ने उन्हें फरवरी 2023 में गिरफ्तार कर लिया। उन्हें गुआनयुन काउंटी डिटेंशन सेंटर में हिरासत में लिया गया था। सितंबर 2023 में, उन्हें आपातकालीन स्थिति में लियानयुंगंग फर्स्ट पीपुल्स अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया और उसके तुरंत बाद उनकी मृत्यु हो गई। उनके रिश्तेदारों और सह-धर्मवादियों को जांच करने और कई रिपोर्ट इकट्ठा करने में कई महीने लग गए कि वह बुरी तरह से जख्मी शरीर और एडिमा से सूजे हुए शरीर के साथ अस्पताल पहुंचे थे। वे इस बात पर ज़ोर देते हैं कि जब ज़िया को गिरफ़्तार किया गया तो वह अच्छे स्वास्थ्य में था। उनका मानना है कि ज़िया फालुन गोंग अभ्यासियों और अन्य प्रतिबंधित धार्मिक आंदोलनों के सदस्यों की एक लंबी सूची में शामिल हो गई है, जिन्हें जेल में मौत की सजा दी गई है

## भारत के नेतृत्व वाले बिग कैट अलायंस में शामिल हुए 16 देश और 9 अंतरराष्ट्रीय संगठन

इंटरनेशनल डेस्क. पर्यावरण मंत्रालय के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि ब्राजील, नेपाल, बांग्लादेश और मलेशिया सहित कम से कम 16 देश औपचारिक रूप से भारत के नेतृत्व वाले नवगठित बिग कैट गठबंधन में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) और वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) इंटरनेशनल सहित नौ अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) में शामिल होने के लिए सहमति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को भारत में मुख्यालय वाले इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) की स्थापना को मंजूरी दे दी। इस गठबंधन का उद्देश्य %बिग कैट डिप्लोमेसी% शुरू करना और हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। यह पहल सात प्रमुख बड़ी बिल्लियों बाघ, शेर, तेंदुए, जगुआर, प्यूमा, हिम तेंदुए और चीता की सुरक्षा और संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करेगी। भारत ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता की भी घोषणा की है। पत्रकारों से बात करते हुए पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने पुष्टि की कि अब तक 16 देश आईबीसीए में शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं। पर्यावरण मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि इसके अलावा जल्द ही और देशों के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है। हमें गठबंधन के सदस्यों के रूप में 16 देशों और 9 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से सहमति मिली है। हम जल्द ही और देशों के शामिल होने की उम्मीद कर रहे हैं। इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस की कल्पना एक बहु-देशीय बहु-एजेंसी गठबंधन के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाने में पारस्परिक लाभ के लिए देशों के बीच आपसी सहयोग करना है। गठबंधन के 16 सदस्य देश आर्मेनिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्राजील, कंबोडिया, मिस्र, इथियोपिया, इक्वाडोर, केन्या, मलेशिया, मंगोलिया, नेपाल, नाइजीरिया, पेरू, सूरीनाम और युगांडा हैं। इस बीच जिन नौ अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने सहमति दी है, वे ढ्ढष्टह्न, साइंस एंड कंजर्वेशन इंटरनेशनल स्नो लेपर्ड ट्रस्ट, ग्लोबल टाइगर फोरम, स्नह्न, महामहिम ज़ुराब पोलोलिकाश्वी, यूएनडब्ल्यूटीओ के महासचिव, अमूर टाइगर सेंटर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल, विश्व सीमा शुल्क संगठन, मिडोरी पैक्सटर, निदेशक नेचर हब ब्यूरो फॉर पॉलिसी एंड प्रोग्राम सपोर्ट, यूएनडीपी हैं।

# पाकिस्तान की सत्ता पर दूसरी बार होगा शहबाज शरीफ का कब्जा, आज चुने जाएंगे प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद-** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के वरिष्ठ नेता शहबाज शरीफ का पिछले महीने के चुनाव में मिले खंडित जनादेश के बाद गठबंधन सरकार की अगुवाई करने के लिए आज देश के अगला प्रधानमंत्री चुना जाएगा। PML-N तथा पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी

के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज ने शनिवार को अपना नामांकन सौंप दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। PML-N अध्यक्ष शहबाज (72)

पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) के छोटे भाई हैं। सभी को हैरत में डालते हुए नवाज शरीफ ने गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए शहबाज का समर्थन किया है। लगातार चौथी बार पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के लिए पिछले साल अक्टूबर में लंदन से लौटे नवाज शरीफ ने प्रधानमंत्री पद का चुनाव न लड़ने का फैसला किया है क्योंकि उनकी पार्टी क्करू-हृ को अपने दम पर सरकार बनाने के लिए आठ फरवरी को हुए चुनाव में पर्याप्त सीटें नहीं मिली हैं। इस चुनाव में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की क्क्षड्डई द्वारा समर्थित 90 से अधिक निर्दलीय उम्मीदवारों ने 336 सदस्यीय नेशनल असेंबली में सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। हालांकि, चुनाव बाद हुए गठबंधन में मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान इस्तेकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और PPP ने PML-N उम्मीदवार का

समर्थन किया है जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि शहबाज शरीफ आसानी से मुल्क के 33वें प्रधानमंत्री बन जाएंगे। वहीं, अयूब के पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है। सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 265 सीटों में से 133 सीट जीतने की आवश्यकता थी। करीब 70 सीटें महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं जिन्हें आनुपातिक आधार पर पार्टियों के बीच विभाजित किया जाता है। नेशनल असेंबली के सचिवालय के अनुसार, नए प्रधानमंत्री का चुनाव करने के लिए नेशनल असेंबली में रविवार को मतदान होगा। सफल उम्मीदवार को सोमवार को राष्ट्रपति आवास ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलायी जाएगी। आठ फरवरी को हुए चुनाव में शरीफ की अगुवाई में पार्टी स्पष्ट बहुमत पाने में नाकाम रही। हालांकि, तकनीकी रूप से वह 265 में से 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक प्रधानमंत्री के रूप में एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया था। PPP के

अलावा शहबाज के पास रूक्तरू-क्क, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (क्यू), बलूचिस्तान आवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (जेड), इस्तेकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी तथा नेशनल पार्टी के कुल 205 सांसदों का समर्थन है। एमक्यूएम-पी तथा पीपीपी के नेशनल असेंबली के दो निर्वाचित सदस्यों ने अभी तक शपथ नहीं ली है। सदन का नेता बनने के लिए शहबाज को 336 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 169 मतों की आवश्यकता है। वहीं, PTI

समर्थित विपक्ष के पास 102 सांसद हैं जिनमें से एक सदस्य ने शपथ नहीं ली है। इस बीच, जमात उलेमा-ए-इस्लाम और बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (मेंगल) चुनाव का बहिष्कार

# केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि शिवरात्रि को होगी तय, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहेंगे मौजूद




**चमोली:** उत्तराखंड में स्थित विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि विधि-विधान एवं पंचांग गणना पश्चात शुक्रवार यानी 8 मार्च शिवरात्रि के अवसर पर तय होगी। इसी दिन भगवान केदार नाथ की पंचमुखी भोग मूर्ति के केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी तय हो जाएगाा। यह जानकारी देते हुए बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरीश गौड़ ने बताया कपाट खुलने की तिथि तय करने के लिए पंचकेदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में शिवरात्रि के अवसर पर सुबह नौ बजे से धर्मिक समारोह शुरू हो जाएगा। बद्रीनाथ- केदारनाथ- मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में रावल आचार्य- वेदपाठीगण पंचकेदार गद्दी ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा-अर्चना, विधि- विधान, पंचांग गणना पश्चात केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय करेंगे। वहीं केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के कार्यक्रम में पंचगाई हकहकूकधारी सहित केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर समिति सदस्यगण एवं मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिंह,कार्याधिकारी आरसी तिवारी, सहित विशिष्टजन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

## भारत वापसी की तैयारी में फोर्ड

# टाटा के साथ मिलकर शुरू कर सकती है कारोबार




**ऑटो डेस्क.** फोर्ड भारत में वापसी कर रही है। इसे लेकर कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। एक रिपोर्ट से ये भी पता चला है कि कंपनी इलेक्ट्रिक वाहन और हाइब्रिड कार लाने के लिए टाटा मोटर्स के साथ समझौता कर सकती है। टाटा वर्तमान में भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक कार निर्माता है, जिससे फोर्ड को यहां कारोबार शुरू करने में मदद मिल सकती है। वहीं टाटा को अमेरिका में अपनी कारें लॉन्च करने का मौका मिलेगा। चेन्नई प्लांट बेचने का विचार बदला कारों की बिक्री में कमी और घाटे के कारण फोर्ड ने 2021 में भारत में अपना कारोबार बंद कर दिया था। कंपनी के पास भारत में साणंद और चेन्नई में 2 प्लांट हैं। साणंद प्लांट टाटा मोटर्स को बेच दिया है, जबकि चेन्नई प्लांट अभी भी फोर्ड के पास है। हालांकि, इस प्लांट को बेचने को लेकर अमेरिकी कंपनी छ्वस्ङ्ख ग्रुप के साथ अंतिम दौर में भी पहुंच गई, लेकिन बाद में फोर्ड ने अपना विचार बदल दिया। चेन्नई प्लांट समुद्री मार्गों के निकट होने के कारण आसियान देशों के लिए एक निर्यात केंद्र साबित हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, जानकार लोगों ने खुलासा किया है कि फोर्ड स्ङ्क के साथ हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन बेचने के लिए प्लांट को बरकरार रख सकती है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569